


प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान संबोधित करते हुए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 353 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group








## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## आंबेडकर के साथ किए गए व्यवहार के लिए देश से माफी मांगे कांग्रेस : भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी को झूठा नाटक बंद कर डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ किए गए व्यवहार के लिए बिना शर्त देश से माफी मांगनी चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में दिए बयान के खिलाफ कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की योजना बनाई है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने इसको लेकर आज भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर हमला बोला है।

## आयकर रिफंड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते को करें सत्यापितः आयकर विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने वाले करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए उनके बैंक अकाउंट का सत्यापन जरूरी है। आयकर विभाग ने टैक्सपेयर्स को रिफंड पाने के लिए सलाह दी है कि वे अपने बैंक खाते को सत्यापित करें। यदि आपका रिफंड आपके बैंक खाते के सत्यापन/पुनः सत्यापन न होने के कारण विफल हो गया है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आपका बैंक खाता मान्य है।

# डेढ़ साल में 10 लाख युवाओं को दी गई नौकरियांः मोदी

### ● प्रधानमंत्री रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**सौगात**

**सौभाग्य है कि हमें इसी साल चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिलाः पीएम**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक-डेढ़ साल में लगभग 10 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। प्रधानमंत्री नवनियुक्त अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि हमें इसी साल चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला। आज के दिन को हम किसान दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए युवा प्रतिभा को और निखारने की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। देश में सही मायने में विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को और निखारना होगा। यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा व्यवस्था पर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश अब उस दिशा में आगे बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग सरकार की प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते एक डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को हमारी सरकार ने पक्की सरकारी नौकरी दी है और ये अपने आप में बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। पहले की किसी भी सरकार के समय इस तरह मिशन मोड में युवाओं को भारत सरकार में पक्की नौकरी नहीं मिली है लेकिन आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं।

### रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहेः पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कल देररात ही कुवैत से लौटे है और वहां उनकी भारत के युवाओं और प्रोफेशनल्स से काफी बातें हुईं। अब यहां आने के बाद पहला कार्यक्रम देश के नौजवानों के साथ हो रहा है। उन्होंने इसे एक सुखद संयोग बताया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी क्षमता को उजागर कर रहे हैं। आज देश के हजारों युवाओं के लिए जीवन की एक नई शुरूआत हो रही है। आपका वर्षों का सपना पूरा हुआ है, वर्षों की मेहनत सफल हुई है। 2024 का गुजरता साल आपको और आपके परिवार को नई खुशियां देता हुआ जा रहा है। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, हर योजना युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है।

## दिल्ली में 'महिला सम्मान योजना' के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में महिला सम्मान योजना का रजिस्ट्रेशन सोमवार से शुरू हो गया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को नई दिल्ली के किदवई नगर में महिलाओं को महिला सम्मान योजना का कार्ड दिया। इसके बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आआपा) के कार्यकताओं द्वारा इस योजना के लिए महिलाओं का रजिस्ट्रेशन और कार्ड बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। केजरीवाल ने इस योजना का शुभारंभ करते हुए कुछ महिलाओं के घर जाकर उन्हें इस प्रक्रिया की जानकारी दी और रजिस्ट्रेशन करवाया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी उनके साथ उपस्थित रहीं। वहीं इस योजना के अंतर्गत, महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने यह भी घोषणा की है कि यदि आआपा दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीतती है, तो इस राशि को बढ़ाकर 2100 रुपये प्रति माह कर दिया जाएगा। यह कदम उन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से हैं।

## बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा की अग्रिम जमानत याचिका की खारिज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस चंद्रधारी सिंह की बेंच ने सोमवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रथमदृष्टया यूपीएससी के साथ फजीवाड़े का आरोप सही प्रतीत होता है। कोर्ट ने कहा कि पूजा खेडकर दिव्यांग और ओबीसी कैटेगरी में लाभ की हकदार नहीं हैं।

इस मामले में कोर्ट ने 28 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने भी याचिका दायर कर खेडकर पर कोर्ट में झूठा हलफनामा दाखिल करने का आरोप लगाया था। यूपीएससी ने कहा था कि खेडकर की ओर से जो जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया, उसमें झूठा बयान दिया गया है कि यूपीएससी ने उसका बायोमेट्रिक्स एकत्र किया है।

## 5वीं-8वीं में फेल होने वाले बच्चे प्रमोट नहीं होंगे

**नो डिटेंशन**

**अब 5वीं और 8वीं कक्षा में फेल होने पर विद्यार्थी अगली क्लास में नहीं जा सकेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमों में संशोधन करते हुए नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है। इससे अब राज्यों को पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा में फेल होने पर भी अगली कक्षा में भेजने की बाध्यता से मुक्ति मिल गई है। संशोधित नियम के तहत 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में असफल हो जाने वाले विद्यार्थियों को दो महीने के दोबारा परीक्षा देनी होगी। यदि वे दोबारा भी सफल नहीं होते हैं तो उनको अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने सोमवार को कहा कि मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि पांचवीं और आठवीं कक्षा में सभी प्रयास करने के बाद यदि रोकने की आवश्यकता पड़े तो रोका जाए। इसमें यह भी प्रावधान किया गया है कि आठवीं कक्षा तक किसी भी बच्चे को स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हम यह भी चाहते हैं कि बच्चों का लर्निंग आउट कम बेहतर हो। इसको प्रयास में लाने के लिए पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान भी दिया जा सकेगा। नियमों में किये गये बदलावों से यह संभव हो सकेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार, निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (2009 का 35) की धारा 38 की उपधारा (2) के खंड (च क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 का और संशोधन करने के लिए नियम बनाती है। इन नियमों का संक्षिप्त नाम निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) नियम, 2024 है। ये सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू हो गए हैं।

## लीडरशिप छोड़ने के बारे में सोचे कांग्रेसः अय्यर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेतृत्व को लेकर लगाए जा रही अटकलों के बीच कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने बड़ा दावा किया है। मणिशंकर अय्यर ने कहा, कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक को लीड करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या कोई अन्य पार्टी इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कर सकती है। अय्यर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यह एक सही सवाल है। मुझे लगता है कि कांग्रेस को इस ब्लॉक का लीडर नहीं बनने के लिए तैयार रहना चाहिए। जो कोई भी लीडर बनना चाहता है उसे बनने दें लीडर। ममता बनर्जी में क्षमता है... गठबंधन में अन्य लोगों में क्षमता है।' मणिशंकर अय्यर ने कहा, 'मुझे इसकी परवाह नहीं है कि लीडर कौन बनता है क्योंकि मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेता की स्थिति हमेशा अहम रहेगी। यह केवल एक ही होना जरूरी नहीं है।

## इंद्री विधानसभा क्षेत्र को मिली परियोजनाओं की सौगात




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इंद्री विधानसभा क्षेत्र को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए लगभग 11 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत की कुल 4 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें मुगल माजरा गांव में 33 के.वी. सब-स्टेशन तथा मटक माजरी गाँव में स्विमिंग पूल का उद्घाटन शामिल है। इन पर 9 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत आई है। इनके अलावा मुख्यमंत्री ने बीबीपुर जाटान व दनियालपुर के उप स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास किया। इन पर 1 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को जिला करनाल के इंद्री विधानसभा क्षेत्र में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंद्री हल्कावासियों के लिए घोषणाओं की झड़ी लगाई।

उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि महाग्राम योजना के तहत गाँव संगोहा व संघोई में पेजयल, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य तीव्र गति से किया जायेगा।

## ट्राई ने नई वेबसाइट लॉन्च की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी पहुंच और लोगों तक संपर्क को व्यापक बनाने के लिए सोमवार को नई वेबसाइट लॉन्च की है। ट्राई की यह वेबसाइट / पर उपलब्ध है। इसके साथ ही यह वेबसाइट एनआईसी क्लाउड में भी उपलब्ध है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि ट्राई ने एक नई वेबसाइट की शुरूआत की है। सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व को देखते हुए इस वेबसाइट की नई साझाकरण सुविधाएं सभी हितधारकों तक विनियामक जानकारी के प्रसार को सुगम बनाती हैं।



पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद ग्रुप फोटो में नेतागण।




# समाज की भलाई के कार्य में हमेशा आगे रहता लायंस क्लब गन्नौर गौरव : कादियान

## -लायंस क्लब गन्नौर गौरव ने 100 बच्चों को जर्सी-जूते व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को कंबल बांटे



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** लायंस क्लब गन्नौर गौरव द्वारा सोमवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी केसरी में सर्दी से बचाव को लेकर जर्सी, जूते व कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता क्लब प्रधान अंकित मल्होत्रा ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे। उन्होंने क्लब सदस्यों के साथ करीब 100 विद्यार्थियों को जर्सी व जूते और स्कूल में 6 चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को कंबल वितरित किए गए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि लायंस क्लब गन्नौर गौरव का यह सराहनीय कदम है। समाज की भलाई के कार्य में लायंस क्लब हमेशा आगे रहता है। इस क्लब का प्रयास रहता है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता कर सकें, ताकि अपने सामाजिक दायित्व को निभा सके। क्लब अध्यक्ष अंकित मल्होत्रा ने बताया कि क्लब के सदस्यों ने सरकारी स्कूल में बच्चों के अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को जर्सी, जूते व कंबल बांटे, ताकि सर्दी के मौसम में शरीर का बचाव किया जा सके। इससे पहले विधायक कादियान का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत और समापन पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब सचिव मीनू हांडा, कोषाध्यक्ष रेशल बाधवा, मुख्य परियोजना अध्यक्ष शालू वाधवा, हरीश वाधवा, तरूण चुघ, प्रवीन कामरा, चारू चांदना, भावना जाग्या, स्कूल इंचार्ज सुषमा रानी, मोनिका वर्मा, रामकुमार मित्तल, पूर्व पार्षद हरीश मदान, संजय त्यागी आदि मौजूद रहे।

## रूम हीटर में लगी आग से घर का सारा सामान, नकदी जली

**गन्नौर।** टेहा गांव के पास शिवाजी कालोनी में रात को हीटर चलाकर सोते समय आग लगने के कारण पंतजलि आरोग्य केन्द्र गन्नौर के संचालक व योग शिक्षक यशपाल कादियान आग की चपेट में आ गए। आग लगने के कारण कमरे के अन्दर रखा सामान बैड, गद्दे व नकदी जल गई। आग लगने पर शोर मचाया तो पड़ोस के लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू किया। तब तक कमरे में रखा सामान जल चुका था। यशपाल कादियान ने बताया कि आग लगने के कारण घर के सामान जल गया और उनके पैर की उंगलिया भी झुलस गई। कादियान ने बताया कि घर में हीटर उच्च कवाल्टी का रखना चाहिए।

## गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार गन्नौर में धूमधाम से मनाया किसान दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** सोमवार को गायत्री विद्यापीठ में किसान दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने छात्रों को अन्न उगाने वाले किसान की मेहनत लगन और विश्वास के बारे में बताया गया। उन्होंने बच्चों को भोजन की विशेषता के बारे में भी बताया गया। प्रधानाचार्या ने बच्चों को बताया कि किसान कितनी मेहनत से अन्न उगाते हैं जिससे हम सब का भरण पोषण होता है। उन्होंने कहा कि हमें खाना खाते समय अन्न का एक दाना भी व्यर्थ नहीं करना चाहिए, जितना जरूरत है, उतना ही लेना चाहिए। प्रधानाचार्या ने कहा कि जिस प्रकार से किसान मेहनत करके अन्न अपजाता है, उसी तरह से माता बड़े लगन और प्यार के साथ भोजन तैयार करती है इसलिए भोजन का सम्मान करें और पकाने वालेका सम्मान करें। स्कूल डायरेक्टर राजेंद्र कौशिक ने बताया कि यह शरीर पांच तत्वों से बना है लेकिन इसके चलाने के लिए इसको मजबूत बनाए रखने के लिए अन्न की बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है इसलिए अन्न और उसको उपजाने वाले किसान का सम्मान करें।

# फुटबॉल में नरू खेड़ी रही प्रथम स्थान पर

## विधायक देवेन्द्र कादियान व प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबाल एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन हुआ। फुटबॉल में कुल 35 टीम टीमों ने भाग लिया और बॉक्सिंग में 210 बच्चों ने अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर दूसर दिन विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक का स्कूल में पहुंचने पर स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र विधायक देवेंद्र कादियान ने देकर सम्मान किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में नरू खेड़ी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 7100 रुपए के साथ-साथ ट्रॉफी और मेडल व द्वितीय स्थान रौनक पब्लिक स्कूल गनौर की टीम ने 5100 रुपये ट्रॉफी और मेडल के साथ सम्मानित किया गया। बॉक्सिंग में जय बालाजी बॉक्सिंग अकेडमी गोहाना ओवरऑल चैंपियन रही व डीएवी स्कूल गन्नौर को टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने प्रतियोगिता के आयोजन पर स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन से छात्रों के अन्दर छूपी खेल प्रतियोगिता निखरकर आगे आती है। अन्य स्कूलों को भी समय- समय पर ऐसे आयोजन करवाते रहना चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर खेल भावना विकसित करती हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता आयोजित करने में खुशी हुई। यह प्रतियोगिता हमारे छात्रों को अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है। इस मौके पर अशोक खत्री, सुरेंद्र कोच, कुलदीप, प्रमोद कौशिक, दिनेश अधलखा, पार्षद अजय सरोहा ,प्रदीप पांचाल, अंकित त्यागी, राजेश शर्मा, हरविंदर त्यागी,विकास शर्मा, सतबीर शर्मा,नरेश कुमार,सचिन कुमार,गौरव जैन,कृष्ण टॉंक,वरुण जैन, खुशबू जैन आदि ने शिरकत कर आयोजन के लिए सराहना की।

# रोटरी क्लब रायल ने की छात्रों को सर्दी में जर्सी वितरित



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** रोटरी क्लब आफ गन्नौर रॉयल द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाय के स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को 200 जर्सी वितरित की ताकि बच्चों का सर्दी से बचाव हो सके। क्लब के प्रधान रजत जैन ने बताया की क्लब द्वारा समय-समय पर स्कूल में ऐसे सामाजिक कार्य किए जाते हैं। कई बार बच्चे सर्दी अधिक पड़ने के कारण बीमार हो जाते हैं। क्लब द्वारा स्कूल के सभी विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव के लिए जर्सी वितरित की गई है। प्रोजेक्ट चेयरमैन अखिल जैन व राहुल जिंदल ने बताया की क्लब द्वारा समय-समय पर अन्य सामाजिक सेवा के प्रोजेक्ट किए जाते हैं। इस मौके पर क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 51–अम्बाला / 2024–25 दिनांक 23.12.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमन्त्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नाभा स्टेशन की कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए पुराने/घिसे-पिटे मौजूदा टैंकों के स्थान पर प्लंबिंग पाइप और बोर और पंप के साथ पंप हाउस के साथ 01 नग, 225 केएल आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान। | 91,14,389 | 1,82,300 | 04 महीने | 15.01.2025 |
| 2 | अम्बाला–कालका सेक्सन पर दप्पर स्टेशन की 33 FAD पर क्रिटिकल रोलिंग स्टॉक (CRS) हेतु ट्रैक से संबंधित कार्य का प्रावधान। | 2,80,75,406 | 2,90,400 | 04 महीने | 15.01.2025 |
| 3 | अंबाला मंडल में स्टेशन और रेलवे कॉलोनी क्षेत्र आदि के बीच स्टेशन के लिए भूमि योजनाओं के अद्यतन, सामंजस्य, प्रमाणन और कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव। | 55,16,744 | 1,10,300 | 12 महीने | 15.01.2025 |
| 4 | स्टोर डिपो JUDW के अंदर जनरल वार्ड आकार 23x65x6.10 मीटर के पास सामग्री के ढेर के लिए प्लेटफार्म के साथ खुले शेड का निर्माण। | 2,09,31,480 | 2,54,700 | 06 महीने | 15.01.2025 |
| 5 | एसएसई/डब्ल्यू/केएलके के खंड में कोटी सुरंग से केएलके तक 1 गहरे ट्यूबवेल का प्रतिस्थापन, पंप हाउस का निर्माण, यूजी पानी की टंकी और केएलके में विशेष रूप से गर्मियों में पानी की मांग के लिए डीआई पाइप बिछाना। | 2,21,96,105 | 2,61,000 | 12 महीने | 15.01.2025 |
| 6 | गुरने रेलवे स्टेशन पर दूसरे लूप के प्रावधान के संबंध में मिट्टी का काम। | 1,37,93,833 | 2,19,000 | 06 महीने | 15.01.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग / गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास– III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3930/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# केन्द्रीय विद्यालय में दादा-दादी व नाना-नानी समारोह में किया सम्मान





**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** केन्द्रीय विद्यालय ग्रुप केन्द्र के. रि. पु. बल, में दादा-दादी व नाना-नानी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजेश कुमार व मंच संचालक मंजू चौहान, हरि दर्शन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। दादा-दादी व नाना-नानी का तिलक लगाकार स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओंकार ने सभी को हरित पौधा देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माँ पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्जवलन द्वारा की गई। संगीत की शिक्षिका सुमन बाला ,प्राथमिक शिक्षिका सपना के मार्गदर्शन में नन्हें-मुन्हें बच्चों के स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्या ने जीवन में दादा-दादी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादा-दादी परिवार का सबसे बड़ा खज़ाना, एक प्यारी विरासत के संस्थापक, महान कहानीकार, परंपराओं के रखवाले होते हैं। दादा-दादी परिवार की मजबूत नींव होते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्या: NRCH-LP2425C**

उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल, बंसत लेन, नई दिल्ली के निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए स्थानीय फर्मो/वितरकों/केमिस्ट शॉप आदि से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम:** दो वर्ष की अवधि के लिए दवाइयों/सर्जिकल वस्तुओं और उपभोग्य सामग्रियों की दैनिक आपूर्ति के लिए स्थानीय फर्म/वितरक/केमिस्ट शॉप आदि का पैनल बनाना। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** दो वर्षो के लिए लगभग 12,66,80,486.00 रुपये (प्रति वर्ष लगभग 6,33,40,243.00 रुपये )। **बयाना राशि :** 20 लाख रुपये (अनुमानित मूल्य का अधिकतम 2%)। **ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 15.01.2025 सुबह 11:00 बजे तक। बोली बंद होने के तुरंत बाद बोली खुलने का समय 15.01.2025 है। **वेबसाइट का पता:** इस ई–निविदा के बारे में प्रासंगिक विवरण और ई–निविदा में ऑनलाइन भागीदारी के लिए रेलवे की वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**Funds are available during current FY under Head 11-245-99.**

3921/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता / III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता / दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता / पी.वे. / दिल्ली के अनुभाग में विशेष गैर–मानक डायमंड (प्रति डायमंड दो कुंठित और दो तीव्र) की डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति सहित दिल्ली यार्ड में गैर मानक डायमंड क्रॉसिंग का प्रतिस्थापन। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु. 15,83,37,727.80 (पंद्रह करोड़ तिरासी लाख सैंतीस हजार सात सौ सत्ताईस और अस्सी पैसे मात्र)। |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | रु. 9,41,700.00 (नौ लाख इकतालीस हजार सात सौ रुपये मात्र।) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 14.01.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 26314103 |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128–W / 280 / ई–निविदा सूचना / 39 / 2024–25 / W–3 दिनांक: 23.12.2024

3922/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.डिम्पल पुत्रः हेमन्त शर्मा,** पताः मकान नं. सी–98 विनय एन्कलेव, रतन पार्क, नॉगलोई, दिल्ली, **2.अनिल जैन पुत्रः संजय जैन,** पताः मकान डीयू / 161, प्रीतम पुरा, दिल्ली, **3.सूरज कुमार पुत्रः नीवन कुमार,** पताः मकान नं. 516, ब्लॉक बी, बाल्मीकी मंदिर, साहबाद डेयरी, दिल्ली ने **FIR Case No. 365/2020, U/s 188/269/271 IPC,** थानाः उत्तरी रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **डिम्पल, अनिल जैन और सूरज कुमार** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **डिम्पल, अनिल जैन और सूरज कुमार** फरार हो गयें है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR Case No. 365/2020, U/s 188/269/271 IPC,** थानाः उत्तरी रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **डिम्पल, अनिल जैन और सूरज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री ईबानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 107,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16689/RD/2024
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरदयाल, पुत्र श्री परमा, पताः मकान नंबर 603, मेट्रो विहार, एम.सी प्राइमरी स्कूल के पास, होलंबी खुर्द, दिल्ली** ने **CC No. 3073/20, U/s 138 NI Act पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरदयाल** मिल नही रहा है और मुझे समाधनप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **हरदयाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रह है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 3073/20, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **हरदयाल** से अपेक्षा की जाती हैं कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
एल.डी., एम.एम – 05
कमरा नंबर 114,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16724/ON/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. तैमुर, पुत्रः मो. जावेद, पताः मकान नं. 8121, गली नंबर 2, चिमनी मिल, बारा हिंदी राव, सदर बाजार, दिल्ली** ने **E-FIR No. 9226/2022, U/s: 379/411/ 34 IPC, पुलिस थाना सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. तैमुर** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **मो. तैमुर** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 9226/2022, U/s: 379/411/ 34 IPC, पुलिस थाना सदर बाजार, दिल्ली** के अभियुक्त **मो. तैमुर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.03.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री गौरव गोयल,
जेएमएफसी–06, सेंट्रल, कमरा नंबर 247
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16708/N/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **करण ऋषि उर्फ नेपाली, पुत्रः रघुबीर सिंह रावत, निवासीः डी–14 / 185, सेक्टर–8, रोहिणी, उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 181/2022 U/S 411 IPC & 25 A. Act** के तहत एक मामला **थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **करण ऋषि उर्फ नेपाली** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **करण ऋषि उर्फ नेपाली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **करण ऋषि उर्फ नेपाली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
(उत्तर पश्चिम) कोर्ट नं. 107, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16698/RD/2024



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# दिल्ली के बुजुर्गों को मिला संजीवनी योजना का कवच

## आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने जंगपुरा विधानसभा में कई बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन करके इसकी शुरूआत की

**योजना शुरू**

**संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में सोमवार से संजीवनी योजना के लिए भी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की शुरूआत हो गई। मुख्यमंत्री आतिशी,पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ खुद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंगपुरा विधानसभा में कई बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन करके इसकी शुरूआत की। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। महिला सम्मान राशि और संजीवनी योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। महिला सम्मान योजना के तहत कुछ घंटों में ही ढाई लाख महिलाएं रजिस्ट्रेशन करा चुकी हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी हमने जंगपुरा विधानसभा में कुछ बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन किया है। आज महिला सम्मान और संजीवनी योजना का रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ है। संजीवनी योजना में जो 60 साल से ऊपर के बुजुर्ग हैं, सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में उनके पूरा इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। दिल्ली में 20-25 लाख बुजुर्ग हैं। जितने लोग रजिस्ट्रेशन करेंगे, उन सभी को इसका लाभ मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों से सारा इलाज मुफ्त है, लेकिन संजीवनी योजना के तहत बुजुर्ग अपना इलाज प्राइवेट अस्पतालों में भी करा पाएंगे और सारा इलाज का खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान राशि और संजीवनी योजना, दोनों को लेकर लोगों का बहुत अच्छा रिस्पॉन्स है। यह दोनों योजनाएं लोगों की जिंदगी में गेम चेंजर साबित होंगी। उधर, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बेटा हो तो अरविंद केजरीवाल जैसा।






### भाजपा के पास न कोई मुख्यमंत्री चेहरा और ना कोई एजेंडाः केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा के पास न कोई मुख्यमंत्री चेहरा है और ना कोई एजेंडा है। वह केवल केजरीवाल को गालियां देकर चुनाव लडना चाहती है। दिल्ली में आधी सरकार हमारी है और आधी सरकार भाजपा की है। हमारी सरकार ने दिल्ली में बिजली, पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस का सफर, सड़कें समेत काफी काम किए, भाजपा ने क्या काम किया। आज दिल्ली की कानून व्यवस्था चरमराई हुई है, गैंगस्टर्स खुलेआम घूम रहे हैं, गोलियां चल रही हैं। लोगों ने इन्हें कानून व्यवस्था संभालने का काम दिया था, लेकिन यह भी संभाल नहीं पाए। उन्होंने कहा कि इनका एक ही मेनिफेस्टो है कि केजरीवाल को आने वाले 5 साल में गालियां देंगे। दिल्लीवाले बताएं कि क्या गालियों से दिल्ली का विकास हो सकता है? भाजपा के आरोप पत्र वाले सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के पास दिल्ली का चुनाव लड़ने के लिए कोई एजेंडा नहीं है, कोई योजना नहीं है। भाजपा दिल्ली के लोगों को यह बताएं कि पिछले 5 साल में इन्होंने दिल्ली के लिए क्या क्या काम किया?। उन्होंने कहा कि लोगों ने दिल्ली के अंदर

# राव कोचिंग सेंटरः दो दमकल अधिकारियों पर गिरी गाज

**एक्शन**

**तीन छात्रों की दु:खद मौत के मामले में दमकल विभाग के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने ओल्ड राजेन्द्र नगर में राव कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की दुःखद मौत के मामले में दमकल विभाग के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। विभाग में ग्रुप 'ए' के दोनों अधिकारी डिविजनल ऑफिसर वेद पाल और जीएनसीटीडी के दमकल विभाग के उदय वीर सिंह को तत्काल निलंबित करने की मंजूरी दे दी है। दोनों का निलंबन लापरवाही और तथ्यों को छुपाने के कारण हुआ है। उपराज्यपाल के निर्देश पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), सार्वजनिक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी और दिल्ली सरकार के अन्य दोषी कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर भी कार्रवाई की प्रकिया चल रही है। इस मामले में दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर अश्वनी कुमार ने स्थानीय असिस्टेंट इंजीनियर विश्राम मीणा को निलंबित कर दिया है जबकि जूनियर इंजीनियर विष्णु मित्तल को बर्खास्त किया था। उल्लेखनीय है कि इस साल 27 जुलाई को दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में राव कोचिंग सेंटर में अचानक पानी भरने से तीन छात्रों की मौत हो गई थी। बेसमेंट में चल रहे इस कोचिंग सेंटर के भीतर जाने के लिए कांच के दरवाजे में बायोमैट्रिक सिस्टम लगे होने के कारण छात्रों को अंगूठा लगाना पड़ता था। उस दिन सुबह से हो रही बारिश के चलते सड़कों पर भारी जल जमाव था। शाम करीब सात बजे कोचिंग सेंटर के बाहर सड़क पर कुछ बड़े वाहनों द्वारा यूटर्न लेने के कारण पानी के प्रेशर से बेसमेंट में जाने के लिए बनी सीढ़ियों पर लगे कांच का दरवाजा टूट गया, जिससे पानी एकदम से बेसमेंट में जाना शुरू हो गया।

# भाजपा विधायकों ने कैग रिपोर्ट सदन में पेश करने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार पर जानबूझकर कैग की 14 रिपोट्र्स को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उच्च न्यायालय में 16 दिसंबर को दिल्ली सरकार ने कैग की सभी 14 रिपोट्र्स को दो से तीन दिन के अंदर विधानसभा अध्यक्ष को भेज देने का आश्वासन देने के बावजूद एक हफ्ते बाद तक भी आम आदमी पार्टी की सरकार ने न तो ये रिपोट्र्स स्पीकर को भेजी हैं और ना ही इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता और अन्य सभी भाजपा विधायकों ने आज फिर से हाई कोर्ट की शरण ली है और फिर से याचिका दायर कर कोर्ट से आग्रह किया है कि वह दिल्ली सरकार को निर्देश जारी कर कैग की 14 रिपोट्र्स को तुरंत ही स्पीकर को भेजने और इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का आदेश दे। विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि अपने भ्रष्टाचार और कारगुजारियों को छुपाने के लिए आम आदमी पार्टी( आआपा) की सरकार बार-बार विपक्ष की मांग, उपराज्यपाल के आदेश और कोर्ट में आश्वासन देने के बावजूद इन रिपोट्र्स को विधानसभा में प्रस्तुत नहीं कर रही है। उन्होंने उच्च न्यायालय से इस संबंध में सरकार को आदेश देने का आग्रह किया है।



**मांग**

**एक हफ्ते बाद तक भी आम आदमी पार्टी की सरकार ने रिपोट्र्स स्पीकर को नहीं भेजी हैं**

आप सरकार ने इन्हें सदन में प्रस्तुत न करके दिन दहाड़े लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान की हत्या की है। उन्होंने कहा कि आआपा भ्रष्टाचार के मामलों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। इस मामले को लेकर विपक्ष राष्ट्रपति से भी मिल चुका है, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्य सचिव से भी मिलकर इसकी शिकायत कर चुका हैं।

# सीएजी रिपोर्ट के मुद्दे पर बिजेंद्र गुप्ता पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता समेत सात पार्टी विधायकों ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें सीएजी की 14 रिपोट्र्स को विधानसभा के पटल पर रखने के लिए दिल्ली सरकार को दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। इस याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट में आश्वासन देने के बावजूद एक सप्ताह बाद भी दिल्ली सरकार ने विधानसभा के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट नहीं रखी है।

# भाजपा नेताओं ने केजरीवाल के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया

**साधा निशाना**

**अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार की कड़ी निंदा की और यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप प्रत्यारोप जारी हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र की सूची जारी किया है। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल के भ्रष्टाचार की कड़ी निंदा की और यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती दी। सोमवार को भाजपा नेता अनुराग ठाकुर, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के अन्य नेताओं ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। इस आरोप पत्र में दिल्ली सरकार और केजरीवाल पर निशाना साधा गया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि यमुना जी को अब इतना प्रदूषित कर दिया है कि अब यहां पर पर्व मनाना भी बंद कर दिया गया है। उन्होंने केजरीवाल पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या यमुना साफ हो गई।

उन्होंने कहा, कान्हा तेरी यमुना काली हो गई, केजरीवाल के पाप धोते-धोते। भाजपा नेता ने कहा कि वायु प्रदूषण और खराब सीवेज सिस्टम के कारण दिल्ली गैस चैंबर बन गई है। इससे मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां हो रही हैं। पानी प्रदूषित है। आज समय आ गया है कि दिल्ली को बचाया जाए और अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार को खत्म किया जाए। भाजपा नेता ने सरकार की अन्य योजनाओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने मुख्यमंत्री के आवास पर हुए कथित भारी खर्च की आलोचना की और इसे सबसे महंगा सीएम आवासह्व बताया। उन्होंने मोहल्ला क्लीनिकों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वहां केवल आवारा जानवर ही नजर आते हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "आरोप पत्र हम लाए जरूर एक सरकार के खिलाफ हैं, लेकिन इसके जड़ में सिर्फ अरविंद केजरीवाल हैं, जिन्होंने दिल्ली की जनता के साथ विश्वासघात किया है। 2015 में पहली सत्ता ग्रहण करने के बाद उन्होंने जो रंग दिखाने शुरू किए है, वो रंग दिल्ली आज तक देख रही है।" सचदेवा ने कहा, "जब कोरोना के वक्त ऑक्सीजन की सप्लाई हो रही थी, तो उस वक्त दिल्ली सरकार शराब नीति बनाने में लगी थी कि कैसे दिल्ली की गलियों में शराब के ठेके खोले जाएं। अब जब काम बताने का वक्त आया तो, हर बार की तरह आप चुनावी वादे करते हैं और झूठ बोलते हैं।"




# एनडीएमसी ने विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अगले 10 दिनों के लिए विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। सोमवार को एनडीएमस के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि यह अभियान प्रति दिन सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक चलाया जाएगा। जिसका उद्देश्य प्रमुख बाजार क्षेत्रों और उनके आसपास गहरी सफाई सुनिश्चित करना है। इसमें फुटपाथ की सफाई, एवेन्यू रोड का रखरखाव, निर्माण और ध्वंस कचरे को हटाना, हरियाली क्षेत्र की देखभाल और बाजारों से अतिक्रमण हटाना शामिल है। उन्होंने बताया कि यह स्वच्छता अभियान विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों के तहत चलाया जाएगा, ताकि निम्नलिखित बाजारों और उनके आसपास के गोलचक्कर क्षेत्रों में प्रभावी स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। चाहल ने बताया कि कनॉट प्लेस, जनपथ, शंकर मार्केट, पंडारा मार्केट, पृथ्वी राज मार्केट, खान मार्केट, सरोजिनी नगर मार्केट, बार्सुरकर मार्केट, बेगम जईदी मार्केट, सफदरजंग अस्पताल के आसपास के बाजार, एम्स, यूसुफ सराय मार्केट, खन्ना मार्केट, जोर बाग मार्केट, रिंग रोड, नारोजी नगर मार्केट, गोल मार्केट, बैरड लेन मार्केट, बंगाली मार्केट, और रिफ्यूजी मार्केट सहित अन्य स्थानों पर सफाई की जाएगी।

**सफाई**

**कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि यह अभियान प्रति दिन सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक चलाया जाएगा**

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** द्वारका जिले के उत्तम नगर में दीपावली की रात हुई हत्या के मामले में वांछित चल रहे अंशु गुप्ता को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। हत्या की वारदात इस साल 31 अक्टूबर की देर रात डेढ़ बजे के आसपास हुई थी। अंशु गुप्ता उसी समय से यह फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपित पहले से चार मामलों में शामिल रहा है। उत्तम नगर में हुई हत्या के मामले में यह मास्टर माइंड था। जिसकी तलाश स्थानीय पुलिस लगभग दो महीने से कर रही थी। डीसीपी क्राइम सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर 31 अक्टूबर को दिवाली की आधी रात हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। उस गगन ओबेरॉय नामक शख्स अपने साथियों के साथ मिलकर दीवाली त्यौहार मना रहे थे। इस दौरान अंशु गुप्ता भी अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और वहां पर किसी बात को लेकर उनमें बहस हुई। रात 1:30 बजे के आसपास अंशु गुप्ता अपने साथियों के साथ हस्तसाल रोड पर गगन ओबेरॉय पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें गगन ओबेरॉय बुरी तरह घायल हो गया। सभी हमलावर वहां से फरार हो गए। गगन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

**काबू**

**उत्तम नगर में दीपावली की रात हुई हत्या के मामले में वांछित चल रहे अंशु को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया**

# महिला ग्रैंडमास्टर तानिया ने शतरंज को मान्यता न मिलने पर दिल्ली सरकार पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय शतरंज खिलाड़ी और महिला ग्रैंडमास्टर तानिया सचदेव ने शतरंज के लिए समर्थन की कमी पर दिल्ली सरकार से निराशा व्यक्त की और कहा कि शतरंज ओलंपियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें मान्यता नहीं मिली है। तानिया ने एक्स पर कहा कि भले ही वह 2022 शतरंज ओलंपियाड में महिला टीम के कांस्य पदक और दो साल बाद ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण के साथ वापस आई, लेकिन सरकार की ओर से कोई स्वीकृति और मान्यता नहीं मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और उनका जश्न मनाते हैं, वे सीधे उत्कृष्टता और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से शतरंज एथलीटों का समर्थन करने का आग्रह किया। तानिया ने एक्स पर लिखा, "2008 से भारत के लिए खेलते हुए, शतरंज में उपलब्धियों के लिए दिल्ली सरकार से मान्यता की कमी देखना निराशाजनक है। जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और उनका जश्न मनाते हैं, वे सीधे उत्कृष्टता और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं। दुख की बात है कि दिल्ली ने अभी तक यह कदम नहीं उठाया है। 2022 के शतरंज ओलंपियाड में मैं ऐतिहासिक टीम कांस्य और एक व्यक्तिगत पदक और दो साल बाद 2024 में, ऐतिहासिक शतरंज ओलंपिक स्वर्ण के साथ वापस आई, लेकिन आज तक राज्य सरकार द्वारा कोई स्वीकृति या मान्यता नहीं दी गई है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो दिल्ली और भारत का गर्व से प्रतिनिधित्व करता है, मुझे उम्मीद है कि मुख्यमंत्री आतिशी, अरविंद केजरीवाल सर अपने शतरंज एथलीटों का समर्थन करेंगे" महिला ग्रैंडमास्टर की पोस्ट का जवाब देते हुए दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा, "हाय तानिया, हमने हमेशा अपने सभी एथलीटों, खिलाड़ियों और खिलाड़ियों का समर्थन किया है, खासकर हमारे स्कूलों में। आपसे मिलना और समझना अच्छा लगेगा कि शतरंज के खिलाड़ियों के लिए और क्या किया जा सकता है।

**निराशा व्यक्त की**

**शतरंज ओलंपियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें मान्यता नहीं मिली**





# इंद्री विस क्षेत्र को मिली परियोजनाओं की सौगात

**विकास पर बल**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 11 करोड़ रुपये की लागत की कुल 4 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास**






**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज इंद्री विधानसभा क्षेत्र को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए लगभग 11 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत की कुल 4 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें मुगल माजरा गांव में 33 के.वी. सब-स्टेशन तथा मटक माजरी गाँव में स्विमिंग पूल का उद्घाटन शामिल है। इन पर 9 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत आई है। इनके अलावा मुख्यमंत्री ने बीबीपुर जाटान व दनियालपुर के उप स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास किया। इन पर 1 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को जिला करनाल के इंद्री विधानसभा क्षेत्र में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंद्री हल्कावासियों के लिए घोषणाओं की झड़ी लगाई। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि महाग्राम योजना के तहत गाँव संगोहा व संघोई में पेजयल, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य तीव्र गति से किया जायेगा, इस पर 24 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने इंद्री में छठ पूजा घाट बनाने, पीडब्ल्यूडी की सड़कों के नवीनीकरण के लिए 10 करोड़ रुपये तथा मंडी बोर्ड की सड़कों के नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की। साथ ही, इंद्री हलके के स्कूलों के नवीनीकरण और उनके रखरखाव के लिए 5 करोड रुपए देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि बड़ा गांव के सब सेंटर को पीएचसी में अपग्रेड किया जाएगा। हर्बल पार्क के विस्तार और सौंदर्यीकरण का कार्य तीव्रता से किया जायगा। धनोरा एस्केप में पानी के कारण प्रभावित होने वाले गांवों की समस्या का भी निराकरण किया जाएगा, ताकि जलभराव के कारण फसलों को नुकसान न हो। इसके अलावा, गुढ़ा इंद्री में वार्ड नंबर 10, 11, 12, 13 में बसे लोगों को मालिकाना हक देने के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निरीक्षण करके नियमानुसार हल निकलवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंद्री जैनपुर रोड से इंद्री खेड़ा रोड तक इंद्री एस्केप ड्रेन के साथ 2.5 किलोमीटर के कच्चे रास्ते को पक्का किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि इंद्री एस्केप पर वीआर ब्रिज बनाया जायगा और पुराने पुल का नवीनीकरण भी किया जाएगा।

इंद्री एस्केप पर आरडी 0-5200 से दायीं ओर रास्ते का निर्माण किया जायगा। उन्होंने कहा कि इंद्री बाईपास को फोर लेन करने के लिए फिजिबिलिटी चेक करवाकर इस कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

# सेवा प्रदान करने में देरी के लिए एसडीओ पर लगाया 3,000 रुपये का जुर्माना

**कार्रवाई**

**काम पूरा होने में बिना किसी ठोस कारण के देरी हुई और इसे पहले पूरा किया जा सकता था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने महेंद्रगढ़ के एक कॉलेज को बिजली कनेक्शन देने में देरी के लिए उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) पर 3,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अनु यादव ने अपने भाई सुमित यादव की सहायता से आयोग से संपर्क कर कहा था कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) द्वारा लाइनों को स्थानांतरित करने का कार्य बहुत धीमा और विलम्बित है।

मामले के तथ्यों पर विचार करने के बाद, आयोग ने पाया कि हालांकि काम अब पूरा हो गया है, लेकिन यह जिला प्रशासन के त्वरित सहयोग से आयोग के हस्तक्षेप के बाद ही पूरा हुआ है।

आयोग ने कहा कि काम पूरा होने में बिना किसी ठोस कारण के देरी हुई और इसे पहले पूरा किया जा सकता था।

आयोग ने पाया कि एसडीओ हनुमान सिंह ने पुलिस बल की मदद से खुद लाइन को स्थानांतरित करने में सफल रहे। इसलिए, ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बदलने के लिए उनका पहले का अनुरोध, जो पहले से ही उन्हें सौंपा गया था, अनुचित प्रतीत हुआ। यह कनेक्शन एक कॉलेज के लिए था और किसी भी देरी से इसकी सामान्य कार्यप्रणाली बाधित हो सकती थी। आयोग ने कहा कि डीएचबीवीएन को ऐसी स्थितियों में अधिक सक्रिय और विचारशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

आयोग ने इस मामले में एसडीओ की भूमिका को असंतोषजनक बताया और उन्हें अधिसूचित सेवा प्रदान करने में देरी के लिए जिम्मेदार ठहराया। महेंद्रगढ़ के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए गए हैं कि वे संबंधित एसडीओ के दिसंबर 2024 के वेतन से 3,000 रुपये जुमार्ना राशि की कटौती सुनिश्चित करे, जिसका भुगतान जनवरी 2025 में किया जाए और इसे राज्य के खजाने में जमा करवाया जाएगा। संबंधित एक्सईएन को इस मामले में 25 जनवरी, 2025 तक आयोग को अनुपालन रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया है।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में सौरभ सिंह सी आई डी प्रमुख नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने सोमवार को सी आई डी प्रमुख बदल दिया। आलोक मित्तल के स्थान पर फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त सौरभ सिंह को सी आई डी प्रमुख नियुक्त किया गया है। मित्तल को हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का प्रमुख नियुक्त किया गया है। कयास यह लगाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के 2 हफ्ते बाद यह बदलाव किया है। मित्तल इस पद पर 4 साल से ज्यादा समय रहे। उन्हें पूर्व सीएम और अब केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नियुक्त किया था। 1993 बैच के आई पी एस अधिकारी मित्तल जुलाई 2020 में सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बने थे। मित्तल को अब हरियाणा के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि सीएम सैनी अब केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत कर लगातार अपनी नई टीम बना रहे हैं ताकि 5 साल सरकार चलाने में उन्हें कोई परेशानी न आए। सीआईडी प्रमुख बनाए गए सौरभ सिंह 1998 बैच के आई पी एस अधिकारी हैं। सौरभ सिंह मूल रूप से लखनऊ, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। अपने 26 साल के कार्यकाल के दौरान सौरभ सिंह फतेहाबाद, भिवानी, झज्जर, सिरसा, रोहतक और जींद में एसपी और गुरुग्राम में पुलिस उपायुक्त और यातायात में पुलिस अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। फिलहाल फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर पद पर तैनात थे। करीब एक महीने पहले नवंबर में उन्हें फरीदाबाद का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया था। अब उन्हें सीआईडी प्रमुख नियुक्त किया गया है। आईपीएस आलोक मित्तल वर्ष 2007 में फरीदाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में महिला पीसीआर शुरू करने वाले देश के पहले अधिकारी थे। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षित टंडन के साथ मिलकर उन्होंने गुरुग्राम में साइबर सेफ अभियान की शुरूआत की थी।इसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को साइबर सुरक्षा से जुड़े मामलों के बारे में शिक्षित किया गया था। उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। हरियाणा में 31 मार्च तक तीनों नए आपराधिक कानून पूरी तरह लागू करने के लिए 10 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ मीटिंग की थी। इस मीटिंग में शाह ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर चर्चा की थी। इसमें सीएम नायब सैनी ने कहा था कि उनकी सरकार मार्च महीने तक इन कानूनों को लागू कर देगी।

### यूको बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के राजकुमार अरोड़ा बने महासचिव




**चंडीगढ़:** यूको बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के लिए जीरकपुर में कराए गर चुनाव में राजकुमार अरोड़ा महासचिव चुने गए जबकि रासपाल सिंह अध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर पुष्पक रंजन, पंकज ठाकुर, लवप्रीत सिंह, दीपक सिंह चुने गए। इस अवसर पर संदीप चौबे राष्ट्रीय महासचिव यूको बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और आलोक अंचल प्रबंधक यूको बैंक चंडीगढ़ भी मौजूद थे। उपस्थित पदाधिकारियों ने नए चुने गए पदाधिकारियों को बधाई भी दी।

### कैबिनेट मंत्री अनिल विज से मिले पत्रकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पत्रकारों का संगठन "मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन" की नवगठित अंबाला जिले की यूनिट के सदस्य सोमवार को हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा और श्रम मंत्री अनिल विज से मिले।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इंद्री में धन्यवाद कार्यक्रम में की शिरकत

**जनकल्याण**

**प्रदेश की जनता ने भाजपा की नीतियों पर जताया विश्वास, तीसरी बार बनाई भाजपा सरकार: मुख्यमंत्री**




**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को जिला करनाल के इंद्री विधानसभा क्षेत्र में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार की नीतियों पर विश्वास जताकर हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर जन विरोधी ताकतों को हराने का काम किया है। जनता ने उन ताकतों को करारा जवाब देने का काम किया है जो संविधान को खतरा बताकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का काम कर रही थी। कांग्रेस बोलती थी कि संविधान को खतरा है, जबकि सच्चाई यह है कि संविधान को कोई खतरा नहीं है, खतरा तो कांग्रेस को है। देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता चुनावों के दौरान बोलते थे कि 50 वोट हमें दे दीजिए एक नौकरी देने का काम करेंगे, लेकिन प्रदेश की जनता ने ऐसी सोच को हराने का काम किया है। जनता ने चुनावों से पहले ही नौकरियों में बंदरबांट करने की घोषणा करने वाले लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा सरकार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, अंत्योदय दर्शन के अनुरूप सबसे पहले सबसे गरीब के उत्थान की नीति, सबका साथ-सबका विकास तथा हरियाणा एक - हरियाणवी एक की भावना से जनकल्याण की नीतियों को जीताने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिना पर्ची-बिना खर्ची के हरियाणा के लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पिछले 10 वर्षों में हमने हरियाणा के विकास के लिए काम किया है, तीसरे कार्यकाल में भी हमारी सरकार तीन गुना अधिक गति से विकास कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह रैली इंद्री के विकास को एक नई गति, नई दिशा देने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस और कांग्रेस के सहयोगी दलों के पास बोलने के लिए कुछ नहीं था। 55 सालों में कांग्रेस ने गरीबों के बारे में विचार नहीं किया, वे सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जो कहा, उसे तो धरातल पर उतारा ही और जो नहीं भी कहा, उसको भी धरातल पर उतारने का काम किया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के 10 वर्ष के शासन में इंद्री में मात्र 391 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए, जबकि भाजपा सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में इंद्री में 1300 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च किए गए हैं।

पहले पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, गरीब व्यक्ति सुविधाओं से वंचित रह जाता था। परंतु हरियाणा प्रदेश की जनता ने ऐसी भ्रष्टाचारी पार्टी, जो क्षेत्रवाद को जन्म देती थी और परिवारवाद को बढ़ावा देती थी, ऐसी सरकार को बाहर करने का काम किया है। कांग्रेस के लोग कह रहे हैं ईवीएम खराब हो गई, लेकिन वास्तविकता तो यह है कि ईवीएम खराब नहीं कांग्रेस की नीतियां खराब थी और उन नीतियों के कारण ही जनता ने कांग्रेस को बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में चाहे हरियाणा प्रदेश या देश के अंदर रोड कनेक्टिविटी, रेलवे कनेक्टिविटी या एयर कनेक्टिविटी की बात हो, एम्स बनाने की बात हो, कॉलेज और मेडिकल कॉलेज बनाने की बात हो, भाजपा सरकार ने तेज गति से इस देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया है।

# प्रवेंद्र चौहान हरियाणा के नए महाधिवक्ता बने

**जिम्मेदारी**

**प्रदेश के महाधिवक्ता के पद पर एडवोकेट प्रवेन्द्र चौहान की नियुक्ति कर दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी पसंद की नियुक्तियों का सिलसिला जारी रखते हुए सोमवार को प्रदेश के महाधिवक्ता के पद पर एडवोकेट प्रवेन्द्र चौहान की नियुक्ति कर दी। हरियाणा सरकार ने चौहान की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए। इस पद की दौड़ में कई बड़े नाम शामिल थे। लेकिन सोमवार को आखिरकार हरियाणा सरकार ने प्रवेंद्र चौहान को इस पद पर नियुक्त करते हुए अधिसूचना जारी कर दी। जल्द ही प्रवेंद्र चौहान हरियाणा के महाधिवक्ता पद का कार्यभार संभाल सकते हैं। फिलहाल चौहान हरियाणा के वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। पिछले दस सालों से वरिष्ठ अधिवक्ता बलदेव राज महाजन हरियाणा के महाधिवक्ता के पद पर कार्यरत थे। भाजपा द्वारा विधान सभा चुनाव जीतने के बाद बलदेव राज महाजन ने खुद ही कह दिया था कि अब वे इस पद पर नहीं रहना चाहते है, इसलिए इस पद पर किसी युवा को मौका दिया जाना चाहिए। इसके बाद से ही तय हो गया था कि यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी किसी अन्य को मिलेगी। इस पद की दौड़ में कई बड़े नाम शामिल थे, लेकिन आखिरकार हरियाणा सरकार ने प्रवेंद्र चौहान को इस पद पर नियुक्त करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है।

## सामूहिक पशुधन बीमा योजना सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में पशुपालन तथा डेयरी विभाग की पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना-राष्ट्रीय पशुधन मिशन, को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में शामिल किया गया है। अब यह योजना 45 दिन की निर्धारित समय-सीमा के प्रदान की जाएगी। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। इस योजना के लिए विभाग के उप-मंडल अधिकारी को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है।

# हरियाणा बना एमएसपी पर 24 फसलों की खरीद करने वाला देश का पहला राज्य: श्याम सिंह राणा

**निर्णय**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सभी 24 अधिसूचित फसलों की खरीद का निर्णय लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सभी 24 अधिसूचित फसलों की खरीद का निर्णय लिया है।

आज राष्ट्रीय कृषि दिवस और किसान नेता व भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों को शुभकामनाएं दीं और इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। श्याम सिंह राणा ने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गत 5 अगस्त को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, पहले से खरीदी जा रही फसलों जैसे धान, बाजरा, खरीफ मूंग, उड़द, अरहर, तिल, कपास, मूंगफली, गेहूं, सरसों, चना, मसूर, सूरजमुखी और गन्ना के साथ-साथ अब रागी, सोयाबीन, नाइजरसीड, सफ्लावर, जौ, मक्का, ज्वार, जूट, कोप्रा और समर मूंग को भी एमएसपी पर खरीदा जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इन फसलों की खरीद के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

# हरियाणा में नए साल में लागू होगी नई शिक्षा नीति

**विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालयों से मांगे जाएंगे सुझाव**

**शिक्षा नीति**

**होनहार छात्रों को ब्रांड एंबेसडर बनाया, इनसे प्रभावित होकर विद्यार्थियों का आसानी से नई शिक्षा नीति के साथ जुड़ाव बढ़ेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार की ओर से नई शिक्षा नीति नए साल में लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। नए साल में स्वामी विवेकानंद जयंती पर राज्यभर में नई शिक्षा नीति को लागू किया जाएगा। इससे पहले, प्रदेशभर से नई शिक्षा नीति को लेकर सुझाव मांगे जाएंगे। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालयों के साथ शिक्षाविदों से सुझाव लिए जाएंगे। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सोमवार को नई शिक्षा नीति लागू करने को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह के जरिये नई शिक्षा नीति को लागू किया जाएगा। इससे पहले अधिकारी नई शिक्षा नीति को लेकर प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चलाएं और शिक्षाविदों से सुझाव मांगे जाएं। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांड ने नई शिक्षा नीति के साथ छात्रों को सीधे तौर पर जोड़ने के लिए विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में सुझाव पेटिका लगाने के निर्देश दिए। लिखित रूप से आने वाले सुझावों के आधार नई शिक्षा नीति को बेहतर बनाने के लिए नई रूपरेखा तैयार की जाए। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में सेमिनार आयोजित किए जाएं ताकि हर विद्यार्थी नई शिक्षा नीति को आसानी से समझ सके और जहां पर कठिनाई हो, उसको लेकर सुझाव भी दे सके। शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि नई शिक्षा नीति को लेकर खिलाड़ियों, एनसीसी कैडेट व होनहार छात्रों को ब्रांड एंबेसडर बनाया, इनसे प्रभावित होकर विद्यार्थियों का आसानी से नई शिक्षा नीति के साथ जुड़ाव बढ़ेगा।

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
संदर्भ: i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024–2025 दिनांक 19/11/2024.
ii) निविदा संख्या 15245204 06/01/2025 को देय है।
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, ड्रॉइंग्स एंड ड्रॉइंग्स ऑफ एक्सलस नामक संलग्न ड्रॉइंग दस्तावेज को हटा दिया गया है और संशोधित ड्रॉइंग दस्तावेज संलग्न किया गया है।
अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
3928/2024 एसएमएम/जी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हरियाणा पुलिस का आपराधिक गतिविधियों पर कड़ा प्रहार



**कार्रवाई**

**हरियाणा पुलिस द्वारा लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने वाले 23 हजार 387 वाहनों के चालान भी किए गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार एक्शन जारी है। प्रदेश में अपराध व आपराधिक गतिविधियों पर पुख्ता कार्यवाही करने के उद्देश्य से इस साल पिछले वर्ष की अपेक्षा तीन गुना से भी अधिक आप्रेशन आक्रमण चलाए गए जिसके तहत 13610 टीमों ने एक साथ छापेमारी करते हुए 8307 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया। इस दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने वाले 23 हजार 387 वाहनों के चालान भी किए गए।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि आप्रेशन आक्रमण के तहत पुलिस द्वारा योजनाबद्ध तरीके अपराधियों पर एक ही समय में कई टीमों द्वारा रेड की जाती है। सबसे पहले आपराधिक गतिविधियों के बारे में सटीक जानकारी एकत्रित की जाती है और अपराधियों को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया जाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा अब तक 16 आप्रेशन आक्रमण चलाए गए हैं। वर्ष 2022 व 2023 में कुल 6 आप्रेशन आक्रमण किए गए थे जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा 10 है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में आप्रेशन आक्रमण के तहत 2644 तथा वर्ष 2023 में 3533 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई थी जबकि इस वर्ष 10 आप्रेशन आक्रमण चलाए गए जिसके तहत प्रदेश में 4 हजार 239 एफआईआर दर्ज करते हुए 8307 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इन 10 आप्रेशन आक्रमण में 68 हजार 885 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। कपूर ने बताया कि वर्ष 2024 में पुलिस टीमों द्वारा आप्रेशन आक्रमण के दौरान आर्म्स एक्ट के तहत कुल 272 एफआईआर दर्ज की गई, 168 पिस्टल बरामद किए गए तथा इन मामलों में 112 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसी प्रकार, 745 किलो 452 ग्राम गांजा, 3 किलो हेरोइन, 337 किलो 25 ग्राम स्मैक बरामद किए गए। इन मामलों में प्रदेश भर में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 877 एफआईआर दर्ज करते हुए 441 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान वर्ष 2024 में टीमों ने कुख्यात अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए कुल 44 अति वांछित ईनामी बदमाश को काबू किया जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 8 थी। साथ ही, पुलिस ने 42 साइबर अपराधियों, 697 उद्घोषित अपराधियों और 708 बेल जंपर्स को पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की। पकडे.गए ये बदमाश कई मामलों में वांछित थे।

## हरियाणा के 13 जिलों में बारिश, रबी फसलों को फायदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के 13 जिलों में सोमवार सुबह से हल्की बारिश हुई। इन जिलों में पानीपत, हिसार, फरीदाबाद, सिरसा, सोनीपत, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, भिवानी, जींद, नूंह, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ शामिल हैं। यहां हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलती रही। प्रदेश के 11 जिलों में धुंध का अलर्ट जारी किया गया। अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत, सोनीपत, महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह और पलवल में सुबह के समय धुंध छाई रही। कुरुक्षेत्र और यमुनानगर जिले में सुबह से ही हल्के काले बादल छाए थे और ठंडी हवा भी चल रही थी।

**विशेष रेलगाड़ी**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी नीचे दर्शाई गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी :–

रेलगाड़ी सं. 04082/04081 हज़रत निज़ामुद्दीन–तिरूवनंतपुरम सेंट्रल–हज़रत निज़ामुद्दीन सुपरफास्ट आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04082 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04081 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:45 | ---- |
| 19:45 | ---- | तिरूवनंतपुरम सेंट्रल | ---- | 07:50 |

चलने के दिन : 04082 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 28.12.2024 (शनिवार) को एवं 04081 तिरूवनंतपुरम सेंट्रल से दिनांक 31.12.2024 (मंगलवार) को।
ठहराव: कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वसई रोड, पनवेल, रोहा, चिपलून, रत्नागिरी, कणकवली, थिविम, मडगाँव जं., कारवार, कुमटा, मूकांबिका रोड बैन्दूर, कुन्दापुरा, उडुपि, मंगलूरु जं., कासरगोड, कण्णूर, कोषिक्कोड, षोरणूर जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरूवल्ला, चेंगन्नूर, कायमकुलम जं., कोल्लम जं. एवं वर्कला शिवगिरी स्टेशन
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3932/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जनता कैंप में एक्शन मोड में मंत्री विज, कैंट थाने के एसएचओ को सस्पेंड किया

## जनता कैंप में उन्होंने प्रार्थी महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के निर्देश दिए थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज जनता कैंप के दौरान एक्शन मोड में दिखे। पिछले जनता कैंप में उनके द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना नहीं करने वाले अम्बाला कैंट थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर सतीश कुमार को उन्होंने सस्पेंड करने के निर्देश दिए।

जनता कैंप में मंत्री अनिल विज ने एसएचओ को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुकानों की खरीद-फरोख्त में हुई धोखाधड़ी के इस मामले में अब तक पुलिस द्वारा केस क्यों दर्ज नहीं किया गया जबकि इसे जनता कैंप में उन्होंने प्रार्थी महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के निर्देश दिए थे। इस



संबंध में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने डीजीपी हरियाणा से फोन पर बातचीत करते हुए एसएचओ को सस्पेंड करने के निर्देश जारी किए।

जनता कैंप में कैबिनेट मंत्री अनिल विज के समक्ष प्रस्तुत हुई महिला ने आरोप लगाया था कि बाजार में उसकी दुकानों को आरोपी ने दबाव बनाकर कम दामों में खरीद लिया था। पूर्व में महिला ने यह शिकायत जनता कैंप में अनिल विज को सौंपी थी जिस पर कैंट थाने के एसएचओ सतीश

**सख्ती**

**दुकानों की खरीद-फरोख्त में हुई धोखाधड़ी के इस मामले में अब तक पुलिस द्वारा केस क्यों दर्ज नहीं किया**

कुमार को मंत्री अनिल विज ने केस दर्ज करने के निर्देश दिए थे। मगर अब तक केस दर्ज नहीं होने पर उन्होंने आज एसएचओ को सस्पेंड करने के निर्देश दिए।

वहीं, इसी मामले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री अनिल विज ने कहा कि काम नहीं करने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। जो अधिकारी काम नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जनता कैंप में परिवहन मंत्री अनिल विज के समक्ष ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने अपने वाहनों को खड़ा करने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की मांग की।

उनकी मांग थी कि एक स्थान पर बड़े वाहन खड़े हो सके ऐसी व्यवस्था की जाए। कैंबिनेट मंत्री अनिल विज ने निमार्णाधीन रिंग रोड के आसपास कोई उपयुक्त स्थान देखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

वहीं आज जनता कैंप में हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, भाजपा नेता बब्बू सोनी, श्याम सुंदर अरोड़ा, आशीष अग्रवाल, भरत कोछड़, बीएस बिंद्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# विद्या भारती के विद्यालयों में विद्यार्थी सिखते हैं नैतिकता-संस्कार: चेतराम

**व्यक्तित्व**

**वार्षिक उत्सव का शुभारंभ मुख्य वक्ता, विशिष्ट अतिथियों व विद्यालय प्रबंध समिति ने किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर -3 ने अपने वार्षिक उत्सव आगाज का आयोजन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया। वार्षिक उत्सव का शुभारंभ मुख्य वक्ता, विशिष्ट अतिथियों व विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ । इस अवसर पर विद्यालय ने शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के समन्वय को प्रदर्शित करते हुए विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चेतराम शर्मा, उपाध्यक्ष, हिंदू शिक्षा समिति, कुरुक्षेत्र ने अपने विचार सांझा किए । प्रो. एस. एस. रतन, नवनीत गोयल, रतन चन्द सरदाना, बहन राज विज और सरोज सैनी इत्यादि ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल एस. एन. शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें लोकनृत्य, नाटक, योग प्रदर्शन प्रमुख रहे। देशभक्ति और भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए नाटक ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों, तथा विद्यार्थियों की सफलता की जानकारी दी। विद्यालय अध्यक्ष कर्नल एस. एन.शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# किसानों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन और अन्य मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन कर करते हुए केंद्र सरकार का पुतला फंका और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में किसान दिवस मनाया, जिसकी अध्यक्षता भाकियू जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुमन ने की। इसके बाद भाकियू के पदाधिकारी एवं किसान एकत्रित होकर पुतला लेकर प्रदर्शन करते हुए गांधी चौक पहुंचे और नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार का पुतला फूंका। ज्ञापन के माध्यम से किसानों की विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग की गई। उनकी प्रमुख मांगों में केंद्र सरकार से मांग है कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान बचाए। दिल्ली कूच कर रहे किसानों पर आंसू गैस न छोड़े जाएं। किसानों पर हत्या के प्रयास सहित झूठे कई मामले हैं, उनको खारिज किया जाए। गौतम बुद्ध नगर की लुक्सर जेल

**मांग**

**9 दिसंबर 2021 के पत्र में सहमति के अनुसार सभी लंबित मुद्दों का समाधान करें**

में बंद किसानों को रिहा किया जाए। सभी किसान संगठनों के साथ तत्काल चर्चा करें और 9 दिसंबर 2021 के पत्र में सहमति के अनुसार सभी लंबित मुद्दों का समाधान करें। इस अवसर पर जिला प्रधान सुरेंद्र घुम्मन, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम मान, कौर कमेटी चेयरमैन यशपाल राणा, उत्तरी हरियाणा प्रभारी मेहताब कादियान, जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल, करनाल ब्लॉक प्रधान राजकुमार, घरौंडा ब्लॉक प्रधान धनेतर राणा, सतीश, देवेन्द्र, भरतरी, जयपाल शर्मा, महेंद्र सिंह, रणबीर कतलाहेडी, रामफल नरवाल व शमशेर राणा सहित आदि मौजूद रहे।

# मजबूती से निकाय चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी: डॉ.सुशील

**विचार-विमर्श**

**पार्टी के प्रदेश संगठन को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विचार विमर्श किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील गुप्ता ने करनाल में प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में संगठन निर्माण, निगम चुनाव और आगामी दिल्ली चुनावों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने पार्टी के प्रदेश संगठन



को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य हरियाणा में अपनी जड़ें और मजबूत करना है और हर जिले में पार्टी का प्रभाव बढ़ाना है। इस मौके पर रणदीप राणा, बीके कौशिक, नरेंद्र शर्मा, जयपाल शर्मा, स्वामी कृष्णानंद, सुखबीर चहल, मास्टर जितेंद्र और सुरेंद्र अहलावत मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी मेहनत से संघर्ष करेगी और जीतेगी। अब लोग समझ चुके हैं कि आम आदमी पार्टी ही बीजेपी को हरा सकती है, क्योंकि आम आदमी पार्टी मुद्दों की राजनीति करती है। आम आदमी पार्टी हरियाणा में आने वाले ब्लॉक समिति, जिला परिषद, नगर परिषद, नगरपालिका और नगर निगम समेत सभी चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी अपने संगठन को और मजबूत करेगी।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव अपने दम पर पूरी मजबूती से लड़ेगी और इसके लिए पार्टी ने अभी से कमर कस ली है। निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी नगर निगमों में भाजपा के कुशासन और अव्यवस्था को मुद्दा बनाकर जनता को भाजपा के खिलाफ एक सशक्त विकल्प देने का कार्य करेगी।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित रिफ्रेशर कोर्स का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर केंद्रित ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स का समापन हो गया।

विश्वविद्यालय और महाविद्यालय शिक्षकों के लिए आयोजित इस कोर्स का पाठ्यक्रम शिक्षकों को उच्च शिक्षा की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से व्यवस्थित रूप से तैयार किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में किया गया। आयोजन के समन्वयक प्रो. फूल सिंह ने बताया कि इस रिफ्रेशर कोर्स में कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क, समर्थन वेक्टर मशीनें, और निर्णय वृक्ष जैसे मूलभूत विषयों से लेकर समवर्ती तंत्रिका नेटवर्क (सीएनएन), लॉन्ग शॉर्ट-टर्म मेमोरी (एलएसटीएम), पाठ खनन, और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) जैसे विषयों पर केंद्रित कुल 48 सत्रों का आयोजन किया गया।

# पुस्तक का कुलपति ने किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के आचार्य डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं जवाहर लाल नेहरु (जेएनयू) के आचार्य शांतेश कुमार सिंह की पुस्तक इमर्जिंग डायनामिक्स ऑफ इंडिया-अफगानिस्तान रिलेशन-रीजनल कोऑपरेशन एंड ग्लोबल पॉलिटिक्स का विमोचन सोमवार को हकेंवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। पुस्तक का प्रकाशन स्प्रिंग-पालग्रावे के द्वारा किया गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार



ने कहा कि शांति किसी भी समाज के विकास के लिए अपरिहार्य है और भारतीय दर्शन में शांति की यह संकल्पना किसी निश्चित भू-भाग के संदर्भ में सीमित नहीं हैं। अपितु हम सनातन रूप से वैश्विक शांति के प्रणेता रहे है। यह पुस्तक भारत-अफगानिस्तान संबंधो को ना केवल वर्त्तमान संदर्भो में विश्लेषित करती है बल्कि यह दोनों राष्ट्रों के मध्य के एतिहासिक-सांस्कृतिक एवं धार्मिक संबंधो पर भी प्रकाश डालती है। कुलपति ने लेखकों को पुस्तक प्रकाशन के लिए बधाई दी और लेखकों की मेहनत व समर्पण हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही भाजपा बनी है विश्व की सबसे बड़ी राजनीति: बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदासोमपाल सैनी**

**सदस्यता** अभियान के तहत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने खरखौदा पहुंचकर ली कार्यकताओं की बैठक।

खरखौदा में सोमवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा पार्टी द्वारा देश व प्रदेश भर में चलाए जा रहे भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा पार्टी की सदस्यता लेने के लिए लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है और प्रदेश में प्रतिदिन लाखों लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं की मेहनत से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी है। पार्टी की सोच एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान विश्वशक्ति एवं ह्यविश्व गुरूह्ण के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो।

प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने सोमवार को खरखौदा पहुंचकर सदस्यता अभियान के तहत भरत वाटिका में पार्टी कार्यकताओं की बैठक ली। उन्होंने पार्टी के युवा



**अभियान**

**सभी योजनाएं समाज के विभिन्न वर्गों की भलाई के लिए लागू की गई है, चिंतित होने की जरूरत नहीं**

कार्यकताओं और अन्य पदाधिकारियों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी के प्रयासों से अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता अभियान से जोड़ा गया है।

आने वाले समय में पार्टी का संगठन धरातल पर और मजबूत बनेगा और उनके लिए राष्ट्र और संगठन सर्वोपरि है। केंद्र और प्रदेश सरकार जनहित में अनेक फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा भारतीय संविधान में निहित मूल्यों तथा सिद्धांतों के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित राज्य को अपना आधार मानती है। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतान्त्रिक राज्य की स्थापना करना है, जिसमें जाति, सम्प्रदाय अथवा लिंगभेद के बिना सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर तथा धार्मिक विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर जो तीन सक्रिय सदस्य बनाए जा रहे हैं इनमें एक बूथ पालक, एक बूथ अध्यक्ष व एक बीएलए-2 बनाया जाएगा, जो सरकार की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के कार्य में अहम भूमिका निभाएंगे ताकि हर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि आज विश्व में प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के चलते ही भारत को अलग पहचान मिली है, जिससे प्रत्येक भारतवासी को गर्व है।

उन्होंने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार की सभी योजनाएं समाज के विभिन्न वर्गों की भलाई के लिए लागू की गई है। इसलिए किसी भी वर्ग को चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

# शिविर में आये प्रतिभागियों को करवाया मेडिकल, दंत व एच.बी. जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**डा0** विरेन्द्र कुमार दहिया, आई.ए.एस., उपायुक्त एंव प्रधान, जिला रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन व डॉ0 मुकेश अग्रवाल, महासचिव, भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा, राज्य शाखा, चण्डीगढ़ से प्राप्त निदेर्शानुसार 20.12.2024 से 25.12.2024 (शनिवार को छोड़कर) तक पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गौरव राम करण, सचिव, रैडक्रास की देख-रेख में पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पानीपत के प्रांगण में



किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में जिला पानीपत के 16 स्कूलों से 100 प्रतिभागी भाग ले रहे है। शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत सचिव गौरव रामकरण जी की अध्यक्षता में रैडक्रास वंदना के साथ की गई। सचिव महोदय द्वारा प्रतिभागियों से कार्यवाही जा रही गतिविधियों बारे फीडबैक लिया। सभी प्रतिभागियों ने बताया कि

**प्रतिभागी**

**प्रशिक्षण शिविर में जिला पानीपत के 16 स्कूलों से 100 प्रतिभागी भाग ले रहे है**

उन्हें उक्त शिविर में बहुत ही अधिक सीखने को मिल रहा है, जिससे उनकी जिंदगी में सदा अहम रोल रहेगा।तीसरे दिन की दैनिक गतिविधियां जारी रखते हुये विशिष्ट अतिथि एंव मुख्य वक्ता , मनीष गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी, मतलौडा ने प्रतिभागियों को जागरूकत करते हये कहा कि हमें अपने माता-पिता व अन्य बजुर्गों का सम्मान करना चाहिये और हमारा प्रयास होना चाहिये की समाज में वृद्व आश्रमों की आवश्यकता ना पड़ें। उन्होनें बजुर्गों की बढ़ रही जनसंख्या व उनके होने वाले शोषण व अधिकारों पर भी प्रकाश डाला। है। उन्होने कहा कि बड़े बर्जुग धरती पर उस परमात्मा का दूसरा रूप है। सभी प्रतिभागियों ने अपने बजुर्गों की सेवा का वचन दिया। उन्होनें प्रतिभागियों को जागरूकत करते हुये कहा कि हमें देश के उत्थान में भरपूर योगदान देना चाहिये और समाजसेवा के क्षेत्र में रैडक्रास एक बहुत अच्दा प्लेटफार्म है।

# मेडिकल और संबंधित सेवाओं से जुड़ा रिक्यूटमेंट पोर्टल गेटमेडजाब हुआ लांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** स्वास्थ्य सेवाओ की बढ़ती मांगों के दौर में, इस मेडिकल क्षेत्र मे भारत के 40 मिलियन ग्रेजूऐट्स के लिये शिक्षा से रोजगार में बदलाव एक चुनौती बना हुआ हे। सामान्य नौकरी पोर्टल अकसर नई प्रतिभाओं को इंडस्ट्री स्पेसिफिक भूमिकाओं से जोड़ने में विफल हो जाते हैं। इसी कमी को पूरा करने के लिये, टीम फियूचुरा नेक्सस द्वारा गेटमेडजाब, एक मेडिकल और सबंधित सेवाओं से जुड़ा रिक्यूटमेंट (रोजगार भर्ती) प्लेटफार्म लांच किया है, जो ग्रेजूऐट्स के लिये संभावनाओं को तलाशेगा और इम्पलायर्स को सहजता से तलाशनें में मदद करेगा। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक लांचिंग अवसर के बाद प्रेस कांफ्रेस को संबोधित करते हुये स्टार्टअप के संस्थापक और सीईओ अजय भारद्वाज ने कहा कि गेटमेडजॉब का विशेष फोकस छात्रों, नये ग्रेजूऐट्स और अनुभवी प्रतिभाओं पर है। यह प्लेटफार्म युवा प्रोफेशनल्स को इंटर्नशिप और नौकरियों से जोड़ता है। फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थकेयर, आईटी और होस्पिटल मैनेजमेंट जैसें क्षेत्रों में करियर को सशक्त बनाता है। इम्पलायर्स और नौकरी की तलाश वालों दोनों की जरूरतों को पूरा करके, यह पोर्टल दोनों पक्षों के लिये सहायक होगा जिसमें इम्पलायर्स को कुशल प्रतिभा और उम्मीदवारों के लिये अनुकूल अवसर मिले । हैल्थकेयर भारत के सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक है, जो देश की जीडीपी को काफी उत्साहित करता है। फार्मास्यूटिकल्स, बायोटेक्नोलोजी और हस्ततालों जैसे सेक्टरों में साढे सात लाख लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा, हस्पतालों जो स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है, अकेले आईसीयू, ओटी, नर्सिंग और होस्पिटल प्रशासन जैसे विभिन्न डिपार्टमेंट्स में सात मिलियन से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करते हैं।

# वसूली करने वाले गिरोह की महिला सहित दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पुलिस**

अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने दुष्कर्म का केस दर्ज करवाने का भय दिखा जबरन वसूली करने वाले गिरोह की महिला सहित दो आरोपियों को काबू किया। वसूली गई 5 लाख रूपए की नगदी में से दोनों आरोपियों के कब्जे से 4.50 लाख रूपए बरामद किये। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इस्पेक्टर देवेंद्र ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में करनाल के थाना घरौंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को



शिकायत देकर बताया था कि उसकी करीब 2 महीने पहले इंस्टाग्राम पर एक महिला से दोस्ती हुई थी। इसी बीच महिला ने उससे पानीपत के सेक्टर 18 में मुलाकात की। दोनों ने वहा एक रेस्टोरेंट में चाय पी। इसके बाद महिला ने कहा कि उसे कही बाहर घुमाने ले चलो। वह बार बार बाहर घुमाने का ऑफर करती रही। 21 दिसम्बर को वह पानीपत के एक गांव निवासी अपने दोस्त के साथ गाड़ी से गुरूग्राम जा रहा था। रास्ते में उसके पास महिला का फोन आया कि उसे भी गुरूग्राम घूमने चलना है। महिला उनको सेक्टर-12 के कट पर मिली। वहा से वह कार में सवार होकर गुरूग्राम चले गए।

**काबू किया**

**वसूली गई 5 लाख रूपए की नगदी में से दोनों आरोपियों के कब्जे से 4.50 लाख रूपए बरामद किये**

गुरूग्राम पहुंचने में समय लगा, जिस कारण कल्ब बंद थे। साथ गए दोस्त ने अपने एक दोस्त को फोन किया जिसने गुरूग्राम में मेदांता हस्पताल के पास किराये पर कमरा लिया हुआ था। वह तीनों दोस्त के पास कमरे पर चले गए। जहा वे रात को रूके। वहा पर सहमति से शारीरिक संबंध बने। सुबह वहा से पानीपत के लिए निकले। पानीपत आते समय रास्ते में सीएनजी डलवाई तब महिला ने अपनी एक महिला दोस्त व अन्य लड़को को फोन करके टोल प्लाजा के पास बुला लिया। सुबह करीब 11 बजे जब वे पानीपत टोल प्लाजा पर पहुंचे तो दो लड़कों ने उनकी कार के आगे अपनी कार अड़ा दी।

महिला ने अपनी महिला दोस्त को अपने साथ गाड़ी में बैठा लिया। दोनों लड़कों ने उसकी कार की चाबी छीन ली। इसके बाद वे उसे माडल टाउन थाने ले गए।

यहा पर महिला की दोस्त ने अपने दोस्त अजय उर्फ राजेश को फोन कर बुला लिया। इसके बाद उन सभी ने उसके खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराने की धमकी दी। साथ ही दस लाख रूपए की मांग की। उसने डर की वजह से अपने दो दोस्तों को फोन कर बुलाया।

## संपादकीय

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश

**आज** राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के समय सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है । इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलआने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है। लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी।

# यशपाल का आजादी की लड़ाई और साहित्य में योगदान




कल्पना पाण्डे

> "उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना तब घटी जब वे जेल में थे। जेल अधिकारी ने यशपाल को एक सरकारी पत्र दिया, जिसमें आंदोलन में उनकी सहयोगी प्रकाशवती कपूर ने यशपाल से शादी करने की इच्छा व्यक्त की थी और इसके लिए यशपाल की सहमति मांगी। प्रकाशवती बहुत कम उम्र से ही यशपाल के काम से प्रभावित थीं। जेल मैनुअल में कैदियों के विवाह के संबंध में कोई नियम नहीं था, जिसके कारण ब्रिटिश अधीक्षक ने विवाह की अनुमति दे दी। पुलिस इतने खतरनाक कैदी को बिना हथकड़ी के शादी के लिए बाहर लाने को तैयार नहीं थी। और यशपाल हथकड़ी पहन कर शादी करने को तैयार नहीं थे. आखिरकार कमिश्नर खुद आए और जेल में ही शादी कराने पर समझौता हुआ। अगस्त 1936 को केवल एक गवाह के साथ बरेली जेल में शादी हुई"

**प्रसिद्ध हिन्दी कथाकार** एवं निबंधकार यशपाल का जन्म 3 दिसम्बर 1903 को फिरोजपुर (पंजाब) में हुआ था। उनके पूर्वज हिमाचल के भूम्पल गांव, हमीरपुर के रहने वाले थे। दादा गरदुराम विभिन्न स्थानों पर व्यापार करते थे और भोरंज तहसील के टिक्कर भारिया और खरवरिया के निवासी थे। पिता हीरालाल एक दुकानदार और तहसील क्लर्क थे। वह महासू जिले के अंतर्गत अर्की राज्य के चांदपुर गांव से हमीरपुर आये थे। उनकी मां उस समय फिरोजपुर छावनी के एक अनाथालय में पढ़ाती थीं। यशपाल के पूर्वज कांगड़ा जिले के निवासी थे और उनके पिता हीरालाल को जमीन के एक छोटे से टुकड़े और एक कच्चे घर के अलावा कुछ भी विरासत में नहीं मिला था। उनकी माता प्रेमादेवी ने उन्हें आर्य समाज का एक प्रतिभाशाली प्रचारक बनाने के इरादे से शिक्षा के लिए 'गुरुकुल कांगडी' भेजा। यशपाल का बचपन ऐसे समय में बीता जब उनके फिरोजपुर छावनी शहर में कोई भी भारतीय बारिश या धूप से खुद को बचाने के लिए अंग्रेजों के सामने छाता लेकर नहीं जा सकता था। गरीबी, अपमान और ब्रिटिश उत्पीड़न का दर्द उनके मन में भर गया। बचपन से ही उनके दिल और दिमाग में अंग्रेजों के प्रति नफरत की चिंगारी जलने लगी थी। वह महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में कूद पडे। 1921 में जब देश में असहयोग आन्दोलन चल रहा था तब यशपाल युवावस्था में थे। उनमें देशभक्ति और बलिदान की भावना पनपने लगी थी। उन्होंने कांग्रेस के लिए प्रचार करना शुरू कर दिया. लेकिन फिर उन्होनें महसूस होना शुरू होने लगा कि ऐसे आंदोलनों का भारत के गरीब लोगों और आम आदमी के लिए कोई मतलब नहीं है। इस असहयोग आंदोलन का ब्रिटिश सरकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उन्होंने नेशनल कॉलेज, लाहौर में दाखिला लिया, जिसकी स्थापना लाला लाजपत राय ने की थी और यह राष्ट्रीय विचार का केंद्र था। वहां वो भगत सिंह, सुखदेव और भगवतीचरण वोहरा के संपर्क में आये। वह ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने के लिए भगत सिंह की नौजवान भारत सभा के काम में सक्रिय हो गये। देश परिवर्तन का सपना देखने लगे और सशस्त्र क्रांति के आंदोलन में सक्रिय भाग लेने लग गए। साइमन कमीशन विरोधी आंदोलन के दौरान अंग्रेजों द्वारा किये गये लाठीचार्ज और लाला लाजपतराय की मृत्यु से सभी क्रांतिकारियों में क्रोध की लहर दौड़ गई। यशपाल ने सॉन्डर्स हत्याकांड की योजना में सक्रिय रूप से भाग लिया। 1929 में उन्होंने ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड इरविन की ट्रेन के नीचे बम रखा, लाहौर की बोरस्टल जेल से भगत सिंह को छुड़ाने के प्रयास में भाग लिया और पुलिस बल के दो कांस्टेबलों की हत्या कर दी, जो कानपुर में उनके साथियों को गिरफ्तार करने आए थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात अपनी भावी पत्नी, 17 वर्षीय प्रकाशवती से हुई, जो अपना परिवार छोड़कर उनके क्रांतिकारी आंदोलन में शामिल हो चुकी थीं। उन्हें बन्दूक चलाने का प्रशिक्षण स्वयं चन्द्रशेखर आजाद ने दिया था। 1931 में इलाहाबाद में पुलिस के साथ एक सशस्त्र मुठभेड़ में चन्द्रशेखर आजाद शहीद हो गये। क्रांतिकारियों का यशपाल पर इतना भरोसा था, कि चन्द्रशेखर आजाद की शहादत के बाद यशपाल को हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी (ल्रफ्ब्अ) का कमांडर नियुक्त किया गया। इसी समय दिल्ली और लाहौर में दिल्ली और लाहौर षडयंत्र केस चल रहा था। इन मामलों में यशपाल मुख्य अभियुक्त थे, उनकी जानकारी देनेवाले को अंग्रेजों द्वारा 3000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लेकिन वह कई महीने फरार रहे और पुलिस की पकड़ में नहीं आए. अगले दो वर्षों में, यशपाल ने गुप्त रूप से कई स्थानों पर बम बनाने के लिए विस्फोटक तैयार किए। 1932 में जब वे इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के एक घर में छुपे हुए थे तभी उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने घेर लिया। मुठभेड़ में उनकी गोलियां खत्म हो गईं और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वे लाहौर षडयंत्र मामले में मुख्य आरोपी थे। केस सुरू हुए, परंतु उनके खिलाफ कुछ अन्य मामले पर्याप्त सबूतों और गवाहों के अभाव के कारण खारिज कर दिये गये। अंततः उसे सशस्त्र मुठभेड़ के लिए सजा के रूप में चौदह साल के कठोर कारावास या आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उस समय वे केवल 28 वर्ष के थे। उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना तब घटी जब वे जेल में थे। जेल अधिकारी ने यशपाल को एक सरकारी पत्र दिया, जिसमें आंदोलन में उनकी सहयोगी प्रकाशवती कपूर ने यशपाल से शादी करने की इच्छा व्यक्त की थी और इसके लिए यशपाल की सहमति मांगी। प्रकाशवती बहुत कम उम्र से ही यशपाल के काम से प्रभावित थीं। जेल मैनुअल में कैदियों के विवाह के संबंध में कोई नियम नहीं था, जिसके कारण ब्रिटिश अधीक्षक ने विवाह की अनुमति दे दी। पुलिस इतने खतरनाक कैदी को बिना हथकड़ी के शादी के लिए बाहर लाने को तैयार नहीं थी। और यशपाल हथकड़ी पहन कर शादी करने को तैयार नहीं थे. आखिरकार कमिश्नर खुद आए और जेल में ही शादी कराने पर समझौता हुआ। अगस्त 1936 को केवल एक गवाह के साथ बरेली जेल में शादी हुई। यशपाल ने शादी का पंजीकरण कराते समय अपना धर्म रेशनलिस्ट या बुद्धिवादी लिखने को कहा।



शादी के बाद, दूल्हे को फिर से उसके बैरक में डाल दिया गया और दुल्हन डेंटल सर्जन के रूप में अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए कराची चली गईं। यशपाल-प्रकाशवती का जेल विवाह भारत के इतिहास में अपनी तरह की एकमात्र ऐसी घटना थी। इसकी अखबारों में भी बड़ी चर्चा हुई। इस हंगामे के परिणामस्वरूप, सरकार ने बाद में जेल मैनुअल में एक विशेष खंड जोड़ा, जिससे भावी सजायाफ्ता कैदियों को जेल में शादी करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कैद में उन्हें विभिन्न पुस्तकों का अध्ययन और लेखन करने को खाली समय मिला। उन्होंने देश-विदेश के कई लेखकों का बड़े मनोयोग से अध्ययन किया। अपने कारावास के दौरान, यशपाल ने फ्रेंच, रूसी और इतालवी भाषाएं सीखीं और दुनिया की क्लासिक साहित्य पढे। उन्होंने जेल में 'पिंजरे की उड़ान' और 'वो दुनिया' लघु कहानियाँ लिखीं। उनके जेल अनुभवों पर आधारित पुस्तक 'मैरी जेल डायरी' यशपाल की महात्मा गांधी की अहिंसा और सत्याग्रह, लेनिन की राजनीतिक पद्धति और फ्रायड के मनोविश्लेषण जैसी परस्पर विरोधी विचारधाराओं तक पहुंचने, देखने और समझने की चिंता को दर्शाती है। यह उनकी रचनात्मक बेचैनी का प्रमाण है, जिस पर मात करके उन्होंने खुद को एक पत्रकार और लेखक के रूप में आकार दिया। 1937 में, भारत के होमरुल शासन शुरू होने पर कांग्रेस पार्टी ने सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई का वादा किया था। 1938 में जब पहली स्वदेशी सरकार बनी तो उन्होंने सभी राजनीतिक कैदियों को छोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। गांधीजी के सत्याग्रह के दौरान जेल में बंद कैदियों को रिहा कर दिया गया, यशपाल जैसे क्रांतिकारियों को मुक्त कराने के लिए लेकिन सरकार ने उन्हें सशस्त्र और हिंसक गतिविधियों को छोड़ने की शर्त रखी।

यशपाल ने इस सरकारी शर्त को मानने से इंकार कर दिया। आखिरकार, कारावास की अवधि समाप्त होने से पहले, 02 मार्च 1938 को उन्हें रिहा कर दिया गया। उनके पंजाब प्रांत में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया। लखनऊ जेल से रिहा होने के बाद यशपाल ने संयुक्त प्रांत की राजधानी लखनऊ में बसने का फैसला किया।

## कविता

एक रहे शेफ रहे लम्बी लम्बी
फेंक रहे
छूट रही कंपकंपी सै ऊंठता सवाल है ।

अपने व्यवहार से तो एक नहीं रखना चाहते
फिर कंयू नेक रहने पर इतना बबाल है ।

दलितों में मुस्लिमो में कैसे हो दंगा फसाद
रात दिन सोचते जनाब राम लाल है ।

शब्दों की गरिमा को सड़क छाप रूप देते
प्रधान सेवक का कितना बुरा हाल है ।

लगता है इनको तो कुर्सी से असीम प्यार
और इसकी खींचतान प्रमुख हथियार है ।

बारंबार झोला ठाकर चलने की धमकी
देते,
पूरे भारत देश का तो हाल ही बेहाल है ।

कलमकार राजव्रत

## अहंकार की परतें

विजय गर्ग

**लोगों में एक आम** धारणा है कि प्यासा, कुएं के पास जाता है। कुआं कभी प्यासे तक नहीं जाता। यानी अगर कोई जरूरतमंद है तो मदद उसे ही मांगनी पड़ेगी। मदद देने वाला व्यक्ति उसे मदद देने नहीं आएगा । कई बार ऐसा होता है कि मदद करने वाला व्यक्ति भी खुद प्रस्ताव देता है कि मैं सहायता कर देता हूं, लेकिन ऐसा अमूमन कम ही देखने को मिलता है। ऐसे में जिस व्यक्ति को मदद की जरूरत होती है, उसे ही सामने वाले से सहायता मांगनी चाहिए। कई बार समाज में यह भी देखने को मिलता है कि जिस व्यक्ति को सहायता की जरूरत होती है, वह मदद नहीं मांगता है, बल्कि वह उम्मीद करता है कि कोई व्यक्ति खुद आकर उसकी सहायता करे। कुछ अंतमुर्खी और संकोची लोगों को छोड़ दिया जाए तो आमतौर पर देखा गया है कि इस तरह की सोच की वजह खुद को श्रेष्ठ समझना या घमंड होती है। उसे लगता है कि सहायता मांगने से उसकी तौहीन हो जाएगी। उसके बड़प्पन पर दाग लग जाएगी। ऐसे में वह मदद कैसे मांग सकता है? वह समझता है कि यह सामने वाले का कर्तव्य है कि वह खुद आकर यह प्रस्ताव पेश करे कि आपको जरूरत है और मैं सहायता करता हूं। जब ऐसा नहीं हो पाता है, तो अपने को श्रेष्ठ समझने वाले इंसान को नुकसान उठाना पड़ता है। उसे भले ही नुकसान उठाना पड़ जाए, परेशानी झेलनी पड़ जाए, लेकिन वह फिर भी सहायता मांगने नहीं जाता। मांगने को वह अपना स्वभाव नहीं मानता। इसमें उसको अपनी प्रतिष्ठा दांव लगी दिखती है। क्या इस तरह अभिमान से ग्रस्त लोग ऐसा करके अपना भला करते हैं? कुछ लोग कहते हैं कि घमंड और अकड़ सिर्फ 'मृत शरीर' में हो सकती है। जिंदा इंसान में कभी घमंड नहीं हो सकता। अगर उसमें घमंड है तो समझना चाहिए कि वह इंसान नहीं है। हालांकि यह तथ्य है कि मृत शरीर में जान नहीं होती, इसलिए जीवित व्यक्ति के भीतर घमंड की तुलना मृत शरीर की प्रकृति से नहीं की जा सकती ।

ऐसा लगता है कि श्रेष्ठता के भाव के कारण लोगों में दंभ का अंकुर अब धीरे-धीरे विशाल पेड़ बन रहा है । यह समाज की एक जटिल समस्या बनती गई है और ज्यादातर लोग इसके असर में आ रहे हैं। इसका कई स्तर पर नुकसान होता है, मगर लोग इस भाव से अलग नहीं होना चाहते और इससे चिपके रहना पसंद करते हैं। ऐसा लगता है जैसे वर्तमान समय में समाज में कई लोग अहंकार के रथ पर सवार हैं। कोई इस रथ से उतरना ही नहीं चाहता। लोगों को लगता है कि वह सामने वाले से ज्यादा अमीर और प्रतिभाशाली है। साथ ही, उसकी उपलब्धि सामने वाले से कहीं अधिक है । यह संभव हो सकता है कि मगर अभिमान के कारण स्वाभाविक रूप से समाज में ईर्ष्या का प्रादुर्भाव शुरू होता है और लोग एक-दूसरे की तरक्की देख कर जलने लगते हैं।

## विचार

# कहीं जम न जाएं पर्वतीय गांधी के सपने

डॉ घनश्याम बादल

**सन 2000** में अस्तित्व में आए उत्तराखंड के निर्माण का उद्देश्य था पहाड़ तक विकास को पहुंचाना । यह भाग उस समय उपेक्षित था, वहां विकास की किरण या तो पहुंच ही नहीं पाती थी या बहुत देर से जाती थी, उसके पानी और जवानी मौका मिलते ही वहां से उतरकर मैदानों और घाटियों में खो जाते थे। उस समय पहाड़ से जुड़े हुए एवं उससे प्यार करने वाले बहुत सारे लोगों ने इस पहाड़ी राज्य की स्थापना के लिए संघर्ष किया नाम बहुत सारे हैं काम भी बहुत लोगों ने किया मगर इन नामों के बीच में एक दाढ़ी वाला शख्स हर दिल अजीज था, सिर पर अक्सर रुमाल बांधे लगभग हर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले उस शख्स का नाम था इंद्रमणि बडोनी। उत्तराखंड राज्य के निर्माण में उनकी भूमिका इतनी महत्वपूर्ण थी कि लोग उन्हें आज भी उत्तराखंड के गांधी के नाम से याद करते हैं। अमेरिका के प्रसिद्ध अखबार दावा संगठन पोस्ट ने तो उन्हें गांधी की तरह सहज सरल सत्य निष्ठ एवं अहिंसा वादी होने पर पर्वतीय गांधी की संज्ञा दी थी। आज 24 दिसंबर को उनकी 101वीं जयंती है । उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति आंदोलन के प्रणेता इन्द्रमणि बडोनी का जन्म 24 दिसंबर , 1924 को तत्कालीन टिहरी जनपद में जखोली विकास खंड के अंतर्गत अखोड़ी गाँव में हुआ था । पर्वतीय परिवेश में प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर उन्होंने देहरादून से उच्च शिक्षा प्राप्त की । छात्र जीवन से ही वह टिहरी रियासत की राजशाही के चंगुल में प्रजा के कष्टों से परिचित थे , अत : स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात टिहरी रियासत का विलय हो जाने पर बडोनी अपने क्षेत्र की सामाजिक - सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ गए। इंद्रमणि बडोनी पहली बार 1962 में जखोली विकासखंड के प्रमुख पद पर निर्वाचित हुए तथा 1967 में प्रथम बार गढ़वाल के देवप्रयाग क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए । उन्होंने इस क्षेत्र का तीन बार ( 1967 , 1969 तथा 1977 में ) विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व किया । वह सन 1980 में उत्तर प्रदेश ' पर्वतीय विकास कुशल परिषद ' के उपाध्यक्ष भी रहे । 1977 में श्री बडोनी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य - परिषद ' का गठन हुआ । उनके प्रयासों से 1979 में राज्य प्राप्ति आंदोलन को व्यवस्थित रूप देने हेतु एक क्षेत्रीय राजनीतिक संगठन , 'उत्तराखण्ड क्रांति दल' का निर्माण हुआ । यू के डी का नेतृत्व करते हुए स्वर्गीय बडोनी ने पर्वतीय क्षेत्र में आंदोलन का शंखनाद किया और 105 दिन की पदयात्रायें की । सैकड़ों गाँवों , कस्बों तथा नगरों में उन्होंने जन - जन को राज्य प्राप्ति आंदोलन से जोड़ दिया । अत्यंत सादगी भरा जीवन , गाँधीवादी अहिंसात्मक संदेश और निरंतर पदयात्राओं के कारण वह 'उत्तराखण्ड के गाँधी' कहलाने लगे। सन 1994 में तत्कालीन उत्तर प्रदेश. सरकार की आरक्षण विरोधी व दमनकारी नीतियों के से आंदोलन उग्र हो गया । फलतः बडोनी ने अनेक सत्याग्रहियों के साथ 2 अगस्त 1994 को गढ़वाल मंडल मुख्यालय पौड़ी में आमरण अनशन कर दिया । परंतु पहाड़ एवं पहाड़ियों के हित के लिए निरंतर संघर्ष रहने वाले स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी का उत्तराखंड बनते हुए देखने का सपना पूरा न हो सका क्योंकि राज्य निर्माण से पूर्व ही 18 अगस्त 1999 को वें गोलोक वासी हो गए। उनके के नेतृत्व में उत्तराखण्ड की संघर्षरत जनता ने 9 नवंबर 2000 को अपना नया राज्य प्राप्त किया मगर तब तक उत्तराखंड का यह गांधी नश्वर शरीर से मुक्त हो चुका था। उत्तराखंड को अलग राज्य बनाने के लिए आंदोलन की शुरूआत करने वाले इंद्रमणि बड़ोनी को उत्तराखंड का गांधी यूं ही नहीं कहा जाता है, इसके पीछे उनका संघर्ष व त्याग रहा है। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में उनकी सोच के लिए आज भी उउन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है।

इंद्रमणि बड़ोनी के पिता का नाम सुरेश चंद्र बडोनी था। साधारण परिवार में जन्मे बड़ोनी का जीवन अभावों में गुजरा। शिक्षा दीक्षा उनके पैतृक गांव में ही हुई। देहरादून से उन्होंने स्नातक की उपाधि हासिल की थी। वह ओजस्वी वक्ता होने के साथ ही रंगकर्मी भी थे। इंद्रमणि बडोनी कई लोकवाद्य यंत्रों बजाने में भी निपुण थे और अच्छे नृतक भी थे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मिट्टी को हरा-भरा बनाएं

विजय

**केंद्र** सरकार द्वारा सभी तीन मुख्य श्रेणियों, अर्थात कीटनाशक, कवकनाशक और खरपतवारनाशक, में 27 सामान्य रूप से प्रयुक्त कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय सही दिशा में उठाया गया कदम है। भारत में कीटनाशकों, कवकनाशकों और खरपतवारनाशकों की तीनों मुख्य श्रेणियों में 27 आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र के फैसले से विभिन्न हितधारकों, विशेष रूप से उद्योग के एक खास वर्ग में चिंता की स्थिति पैदा हो गई है। इस मुद्दे और इसके प्रभावों को समझने के लिए आइए कुछ तथ्यों को क्रम से रखते हैं। कीटनाशकों के विनिर्माण, आयात, बिक्री, वितरण और उपयोग को मनुष्यों या जानवरों के लिए जोखिम को रोकने और उससे जुड़े मामलों के लिए कीटनाशक अधिनियम (1968) के तहत विनियमित किया जाता है। पंजीकरण समिति (आरसी) - अधिनियम के तहत स्थापित - फामूर्ले की जांच करने, मनुष्यों और जानवरों के लिए प्रभावकारिता और सुरक्षा के दावों को सत्यापित करने और विषाक्तता और किसी भी अन्य कार्यों के खिलाफ सावधानियों को निर्दिष्ट करने के बाद प्रत्येक कीटनाशक को पंजीकृत करती है। समय-समय पर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय - कीटनाशकों के विनियमन के लिए नोडल मंत्रालय - पंजीकृत कीटनाशकों की समीक्षा का आदेश देता है, खास तौर पर मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण के लिए इनसे होने वाले जोखिम के संदर्भ में। विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा जांच के आधार पर, यह उचित निर्णय पर पहुंचता है कि "क्या उनके निरंतर उपयोग की अनुमति दी जाए (यदि कोई अतिरिक्त सावधानी बरती जाए तो) या उनके उपयोग को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए।" वर्ष 2013 में, कुल 66 कीटनाशकों के निरंतर उपयोग या अन्यथा अध्ययन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था, जो दो या अधिक देशों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन भारत में उपयोग के लिए पंजीकृत हैं। इसकी सिफारिशों के आधार पर (समिति ने 9 दिसंबर, 2015 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## रुपए का रोग, तिजोरी का संयोग

डॉ. सुरेश कुमार

**हमने सोचा,** शहर में बड़े आदमी के यहाँ जाकर कुछ उधारी माँग लें। उधारी के पुराने खतरनाक रोगियों का चेहरा बड़ा बोलता है। वे जैसे ही हमारी ओर देखे, उनकी नजरों में एक चमक थी-एक ऐसी चमक जो कह रही थी, "अरे भाई, ये पैसे माँगने आए हैं!" और हमें भी समझते देर न लगी कि उधारी का यह खेल खाली हाथ ही छूटने वाला है। मगर जैसे हमारे लिए उधारी माँगना एक कर्तव्य था, वैसे उनके लिए मना करना भी तो एक धर्म था! हमने बड़ी विनम्रता से अपनी माँग रखी, और साहब बोले, भाई, तुमको उधारी की पड़ी है, और हम तो इन बैंक वालों के ब्याज के बोझ में दबे जा रहे हैं। हमारी आँखें कुछ चौड़ी हो गईं यह भी कोई नई बीमारी है, ब्याज का बोझ! लोग तो बुखार और सर्दी से मरते हैं, पर ये साहब ब्याज के भार में दुबले होते जा रहे थे! उनका चेहरा खिला हुआ, सेहत तंदरुस्त, पर मनुष्य ब्याज के नाम से गला कटाए बैठा था।

कहीं मन में झुरझुरी हुई यह ब्याज की बीमारी भी बुरी नहीं लगती! ऐसा रोग जिसका नाम सुनते ही लोग सिकुड़ जाएँ। मगर इसका इलाज तो बड़े-बड़े डॉक्टर्स भी नहीं करते! ब्याज की यह बीमारी भी अजीब रोग है जिसे लग जाए, वह कहता है, अरे भाई, अब तो ब्याज ही मार डालेगा। और जिसे न लगे, वह भाग-दौड़ में हड्डियाँ गला डालता है, काश! एक बार यह उधारी का सुख तो मिलता! हम तो ठहरे आम आदमियों के दुख के मारे, जिन्हें न ब्याज मिला, न उधारी। बस यही दुख कि पाँच सौ रुपये का उधार न मिला। और उधारी की भी किस्मत होती है साहब, नहीं तो हम तो कितने दुख में हैं कि हमारे पास देने के लिए कुछ नहीं और उधारी लेने की हैसियत नहीं। दूसरे बंधु का दुख भी क्या निराला था। बेचारे ने तीन मंजिल का मकान बनाने का सपना देखा था, और अब टेढ़े रास्ते पर दो ही मंजिल का साया पड़ रहा था। तीसरी मंजिल के लिए बजट की तंगी आ गई। सोचते-सोचते माथा पीटते हुए बोले, क्या करूँ? दो ही मंजिल बनाकर क्या लोग मुझे समझेंगे कि मैं सचमुच का बड़ा आदमी हूँ? फिर एक और बंधु थे, जिनकी दुख-कथा अपने आप में अनोखी थी। पिछले साल उन्होंने किताबों का ठेका लिया, पचास हजार की किताबें बेच डालीं।

## न्यूज फ्लैश

### हैरोइन तस्करी मामले में बाइक सवार 2 आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना मुलाना क्षेत्र महाराणा प्रताप कालेज के पास से नशा तस्करी के मामले में 22 दिसम्बर 2024 को प्रबन्धक थाना मुलाना उप निरीक्षक बलकार सिहँ के नेतृत्व में पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मनीष व जसविन्द्र सिहँ निवासी गाँव सीरसगढ़ थाना मुलाना जिला अम्बाला को 12 ग्राम 70 मिलिग्राम हैरोइन व मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। 22 दिसम्बर 2024 को थाना मुलाना के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है, जो आज थाना मुलाना क्षेत्र महाराणा प्रताप कालेज के पास मोटरसाईकिल पर आएगें जिनके पास मादक पदार्थ है। यदि तुरन्त कार्यवाही जाए तो उन्हें काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना मुलाना क्षेत्र महाराणा प्रताप कालेज के पास से मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध आरोपियों को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उनसे 12 ग्राम 70 मिलिग्राम हैरोइन बरामद की। आरोपियों की पहचान मनीष व जसविन्द्र सिहँ निवासी गाँव सीरसगढ़ थाना मुलाना जिला अम्बाला के रूप में हुई जिन्हें उपरोक्त मादक पदार्थ हैरोइन सहित गिरफ्तार कर थाना मुलाना में मामला दर्ज किया।

### 238 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** सीआईए टू पुलिस टीम ने असंध रोड पर मिलन गार्डन के पास एक नशा तस्कर को 238 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया। आरोपी नशा तस्कर की पहचान जरनैल सिंह निवासी मंडवाल कैथल के रूप में हुई। अफीम को आरोपी मध्य प्रदेश के नीमच से कम कीमत पर खरीदकर तस्करी कर लाया था। पुलिस ने नशा स्पलायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए सोमवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि सीआईए टू पुलिस की एक टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान असंध रोड़ पर दिल्ली पैरलल नहर के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की कैथल के मंडवाल गांव निवासी जरनैल सिंह मादक पदार्थ लेकर मतलौडा से शौंदापुर की और पैदल आएगा। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानकर शौंदापुर के नजदीक मिलन गार्डन के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात पुलिस टीम को मतलौडा की और से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने मौके पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान जरनैल सिंह पुत्र शेरसिंह निवसी मंडवाल कैथल के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ अमित की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई लोअर की जेब में पन्नी के अंदर से अफीम बरामद हुई। बरामद अफीम का वजन करने पर 238 ग्राम पाया गया। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को बताया वह शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त अफीम मध्य प्रदेश के नीमच से कम कीमत पर खरीद कर लाया था। अफीम को साथ लेकर रविवार को आरोपी पानीपत आसपास के क्षेत्र में बेचने के लिए आया था।

# सांख्यिकी डाटा साइंस की मजबूत रीढ़: प्रो. दिनेश कुमार

### कुवि के सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का हुआ सफल समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि सांख्यिकी डाटा साइंस की मजबूत रीढ़ है। वर्तमान परिदृश्य में चिकित्सा, विज्ञान, शोध, अनुसंधान, जीव विज्ञान, खेल क्षेत्र, भौतिक क्षेत्र सहित कोई भी क्षेत्र सांख्यिकी और डेटा विज्ञान के अनुप्रयोग के बिना प्रगति नहीं कर सकता है। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा इनोवेटिव ट्रेड इन स्टैटिसटिक्स, ऑप्टिमाइजेशन एंड डाटा साइंस विषय पर सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित तथा केयूके, एनबीएचएम, एएनआरएफ (भारत सरकार), आरबीआई,



डीआरडीओ, डीआईएचई (हरियाणा) और आईएआरएस द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के समापन अवसर पर बोल रहे थे।
प्रो. दिनेश कुमार ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि सांख्यिकी सभी विज्ञानों की जननी है। शैक्षणिक संस्थान में एनआईआरएफ रैंकिंग और नैक मूल्यांकन हेतु डाटा विश्लेषण व आंकड़ों का महत्वपूर्ण योगदान है। जब हम नवीनतम उपकरणों का उपयोग करके डेटा का विश्लेषण करते हैं तो हमें गुणवत्ता में सुधार करने, निर्णय लेने में भी मदद मिलती है। उन्होंने युवा शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे डाटा के साथ गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य करें।

**डाटा साइंस**
**बड़े आंकड़ों को व्यवस्थित करने के लिए डाटा साइंस की महत्वपूर्ण भूमिका है : प्रो. दिनेश कुमार**

आईएआरएस व आईएसपीएस के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक ने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि बड़े आंकड़ों को व्यवस्थित करने के लिए डाटा साइंस की महत्वपूर्ण भूमिका है। डिजीटल युग में ज्ञान और तकनीक की सफलता के लिए डाटा साइंस का सुव्यवस्थित होना आवश्यक है।

## डॉ अशोक कुमार वर्मा गाँव-गाँव दे रहे नशा मुक्ति सन्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी नियुक्त क्या है। वे इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गांव गांव जा रहे हैं। हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशा मुक्त अभियान की ज्योति को प्रज्वलित करके वे कुरुक्षेत्र में पहुंचे हुए थे। आज कुरुक्षेत्र में वे साइकिल लेकर निकल पड़े और विभिन्न सेक्टरों से होते हुए पिपली पहुंचे। विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया। उनकी साइकिल पर एक प्लेट लगी है जिस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 अंकित हैं। उनके साइकिल की प्लेट पर यह भी लिखा है- नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना। वे लोगों से भेंट कर उन्हें हरियाणा सरकार के नशा मुक्त अभियान बारे बताकर इस अभियान से जोड़ रहे हैं ताकि नशा मुक्त हरियाणा का स्वप्न साकार हो।

### ब्लॉक स्तर पर बेस्ट आंगनबाड़ी वर्कर परीक्षा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** आईसीडीएस स्कीम के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सोमवार को सीडीपीओ कार्यालय में सीडीपीओ कांता कुमारी के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तर पर बेस्ट आंगनबाड़ी वर्कर परीक्षा का आयोजन किया। इस परीक्षा में सभी सर्कल से 32 आंगनबाड़ी वर्कर्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सुरेती पिलानियां से आंगनबाड़ी वर्कर सुदेश ने प्रथम स्थान, आदलपुर से सुनीता ने द्वितीय व धोली से पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सुपरवाइजर अनिता, नीतू, राजबाला, सुमन बाई, सुनीता, चंचल, किरण व सीमा मौजूद थी।

## रेनू ने महिला उत्पीड़न से संबंधित 10 मामलों की जनसुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में सोनीपत, भिवानी, नारनौल, पंचकूला तथा सिरसा जिला से संबंधित 10 मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकरियों को निर्देश दिए कि जो भी महिला आपके पास कोई शिकायत लेकर आती है तो उसके साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उसकी शिकायत पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई से पूर्व चेयरपर्सन ने पुलिस आयुक्त सितेन्द्र गुप्ता व उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार की अध्यक्षता



में अधिकारियों से महिलाओं पर होने वाले उत्पीडन मामलों के बारे में विस्तार से चर्चा की।
चेयरपर्सन ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं को न्याय दिलवाने के लिए प्रयासरत रहता है। आयोग संबंधित पार्टियों को आमने-सामने बैठाकर मामले की तह तक जाकर इसका स्थाई समाधान चाहता है तथा यह भी प्रयास रहता है कि कोई भी घर न टूटे। समाज में कम हो रही सहनशीलता के कारण ही मामले बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा संबंधित जिलों में

**दिशा-निर्देश**
**इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकरियों को निर्देश दिए**

जाकर मामलों की सुनवाई की जा रही है ताकि लोगों को सुविधा हो। उन्होंने कहा कि आयोग के समक्ष आने वाले हर मामले में धैर्य के साथ सुनवाई कर मामलें को निपटाया जाता है तथा कानून के समक्ष सभी एक समान है।
उन्होंने स्पष्टद किया कि आयोग के पास आ रहे मामलों में काफी मामले जांच के दौरान असत्य पाये जाते है।

### मकान की छत गिरी, पोते-पोतियों के साथ रह रही थी बुजुर्ग महिला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के इंद्री के गांव दरड़ में सर्दी की पहली बारिश में एक व्यक्ति के मकान की छत गिर गई, जिससे घर का सामान मलबे में दब गया। हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ। गनीमत रही कि उस समय घर के अंदर कोई भी परिवार का सदस्य नहीं था। हादसे के समय सभी लोग घर के बाहर अपने काम में व्यस्त थे। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और सामान को मलबे से बाहर निकाला। पीड़ित ने सरकार और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।
बुजुर्ग महिला के पति और बेटे की मौत हो चुकी है। वह अपनी बेटी, नाती और नातिन के साथ रह रही थी। घर में कोई नहीं होने के कारण उसकी बेटी मां की मदद करती थी। अब उनके सिर पर न तो छत है और न ही सोने के लिए चारपाई। घर में पलंग पूरी तरह टूट चुका है, संदूक भी ढह गया है। खाने-पीने का सामान भी मलबे में दब गया है और घर के अंदर मलबा और मिट्टी बिखरी हुई है।

## भर्ती प्रक्रिया से युवाओं की योग्यता को सम्मान मिला: कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा से ही रोजगार सृजन, नवाचार और टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को लाभ देने पर जोर दिया है।
उन्होंने कहा कि पारदर्शी व स्पष्ट भर्ती प्रक्रिया होने की वजह से युवाओं की योग्यता का सम्मान हुआ है। श्री कृष्णपाल गुर्जर सोमवार को सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र बहालगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की देश के युवाओं



को सरकारी नौकरी देने की संकल्प सिद्धि की दिशा में आयोजित रोजगार मेले के 14वें संस्करण में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।
कार्यक्रम में 114 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज आप सभी ने यह महसूस किया है कि भर्ती प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। केंद्रीय सेवाओं में भर्ती प्रक्रिया पहले की तुलना में ज्यादा बेहतर,पारदर्शी व समयबद्ध हुई है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला में आज पूरे देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 45 स्थानों पर एक साथ 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। ऐसे में यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को स्वोंच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि यह रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।
श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि नवनियुक्त उम्मीदवारों को आईजीओटी 'कर्मयोगी पोर्टल' पर एक आनलाईन माड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है। इस पोर्टल में 1588 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलद्वध हैं जो भर्ती किए गए युवाओं को उनकी भूमिकाओं को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेंगे और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे।

## प्रशासन गांव की ओर एक अभियान को लेकर हुआ कार्यशाला का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार को जिला परिषद कांफ्रेंस में कार्यालय में प्रशासन गांव की ओर अभियान के रूप में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी बलबीर मालिक ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। सहायक निदेशक जिला परिषद ने पुष्प भेंट करके अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर



पर 19 दिसंबर से सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अभियान में जिला प्रशासन सक्रिय भागीदारी कर रहा है। इस अभियान में ग्रामीण विकास पर फोकस करते हुए लोगों को जोड़ा जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन से सुशासन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सभी विभागों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, वेलफेयर, कृषि, विकास एवं पंचायत विभाग से आए वक्ताओं ने अपने विभाग से सम्बन्धित जन कल्याण के लिए चल रही योजनाओं के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### बाइक नहर में गिरने से हुई दो युवकों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में नेवल रोड पर बीती रात एक सडक हादसा हो गया। पानीपत के गांव काबड़ी निवासी 22 वर्षीय विपिन और कुंडली निवासी 28 वर्षीय सोनू की बाइक बेकाबू होकर 30 फीट गहरी सूखी नहर में गिर गई। यह हादसा निमार्णाधीन पुल के कारण हुआ है, जिसके बारे में दोनों युवकों को कोई जानकारी नहीं थी। दोनों युवक पानीपत से कुंजपुरा गए थे और नेवल की तरफ से अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने आज दोपहर बाद शवों का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिए।

## ऊर्जा क्षेत्र को उन्नत करने की जरूरत: डॉ. दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में आधुनिक और भविष्य के ऊर्जा ग्रिडों में हार्मोनिक्स और बिजली की गुणवत्ता द्वारा उत्पन्न चुनौतियों विषय पर आधारित विशेष व्याख्यान में डेनमार्क से आए अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन के नामित विशेषज्ञ डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि विकसित भारत के लिए ऊर्जा क्षेत्र को उन्नत करने की जरूरत है। इसके लिए मौजूदा और भविष्य के ग्रिडों में बिजली की गुणवत्ता की चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य के ग्रिड को ऐसे मानकों की आवश्यकता है जो उससे जुड़ी



प्रौद्योगिकियों की तरह ही तेजी से विकसित हों। गौरतलब है कि डॉ. दिनेश कुमार डेनमार्क की रिसर्च लैब में बतौर इंजीनियरिंग विशेषज्ञ कार्यरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में फ्रिक्वेंसी लेवल अलग है जिस पर निरंतर कार्य चल रहा है।
डॉ. कुमार ने बताया कि हम किस प्रकार हार्मोनिक्स औद्योगिक उपकरणों और वितरण ट्रांसफार्मर में कैपेसिटर जैसे प्रमुख घटकों तथा अक्षय ऊर्जा प्रवेश वाली साइटों, जैसे कि सौर फार्म और पवन-आधारित माइक्रोग्रिड, उपयोगिताओं ने कैपेसिटर विफलता और ट्रांसफार्मर ओवरहीटिंग की समस्या को कैसे दूर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए उन्होंने नई शमन तकनीकों की एक श्रृंखला विकसित की है। उनके समाधान,

**गतिशील**
**कनवर्टर का एक नया डिजाइन शामिल है जो ग्रिड स्थितियों के लिए गतिशील रूप से अनुकूल होता है**

दो स्वीकृत पेटेंट और कई प्रकाशनों द्वारा समर्थित, लागत प्रभावी और व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं जिन्हें नए और मौजूदा दोनों प्रणालियों में एकीकृत किया जा सकता है।
पेटेंट किए गए तरीकों में से एक में कनवर्टर का एक नया डिजाइन शामिल है जो ग्रिड स्थितियों के लिए गतिशील रूप से अनुकूल होता है।

## आर्य बाल भारती स्कूल में मनाया स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आर्य** बाल भारती विद्यालय परिसर में आर्यवर्त के आराधक वेद उपासक महान स्वतंत्रता सेनानी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के संस्थापक आर्य सन्यासी स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के वेद प्रचारक आचार्य धर्मपाल रहे। विशिष्ट अतिथि आचार्य अनुपम आर्य रहे जबकि विशेष अतिथियों में प्रबंधक जसबीर ग्वालडा कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक श्री कृष्ण गौशाला सिवाह के प्रधान रविंद्र कादियान और कर्मवीर



आर्य रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रधान रणदीप आर्य ने की और प्राचार्य डॉक्टर अशोक आर्य ने विद्यालय की प्रगृति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ हुआ और गायत्री मंत्र के साथ ही यह समारोह संपन्न हो गया । इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के छात्रों ने मुख्य अतिथि के पानीपत में प्रथम आगमन पर विशेष स्वागत किया तथा संगीत विषय के छात्रों ने संगीत अध्यापक संदीप आर्य के नेतृत्व में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के उप प्राचार्य जगदीश आर्य ने समारोह में पहुंचने पर सभी का आभार व्यक्त किया समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आचार्य धर्मपाल आर्य ने कहा कि यह देश उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों धर्म प्रेमियों और ऋषि

**समाज सुधारक**
**विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है बल्कि भारत को पुन: जगतगुरु का दर्जा हासिल हो सकता है**

दयानंद स्वामी श्रद्धानंद भारत रत्न चौधरी चरण सिंह और सर छोटू राम जैसे महान समाज सुधारको का हमेशा ऋणी रहेगा जिन्होंने इस देश को न केवल आजाद करवाया बल्कि आजाद देश को नई दिशा देने में भी अपना सर्वस्व लगा दिया उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद का जन्म 6 फरवरी 1856 को जालंधर में हुआ था और 23 दिसंबर 1926 को चांदनी बाग दिल्ली में बलिदान हुआ था उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने जीवन भर समाज से अशिक्षा अज्ञानता,अंधविश्वास और छुआछूत को समाप्त करते हुए अपना बलिदान दिया उन्होंने हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी जो आज एक वटवृक्ष बन गया है उन्होंने कहा कि वह गुरुकुल प्रणाली के कट्टर समर्थक थे और वैदिक धर्म की स्थापना करने के लिए अंत तक प्रयासरत रहे उनका मानना था कि उच्च कोटि की शिक्षा और उच्च कोटि के संस्कार देकर भी इस देश को न केवल विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है बल्कि भारत को पुनः जगतगुरु का दर्जा हासिल हो सकता है।

## पानीपत पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** सीआईए टू पुलिस टीम ने किशनपुरा के शिवनगर में शमशान घाट के पास एक नशा तस्कर को 802 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अंकित निवासी सिवन गेट पठान मोहल्ला कैथल हाल शिव नगर किशनपुरा के रूप में हुई। आरोपी अफीम को राजस्थान से कम कीमत पर खरीद तस्करी कर लाया था। पुलिस टीम ने नशा स्पलायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।
सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा आपराधिक वारदातों सहित नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाए हुए है।
अभियान के तहत शनिवार को उनकी टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान जीटी रोड पर अनाज मंडी कट के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की जीटी रोड से किशनपुरा के शिवनगर में जाने वाली सड़क पर शमशान घाट के पास एक युवक मादक पदार्थ लेकर किसी के इंतजार में खड़ा है।
पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अंकित पुत्र किशोरी लाल निवासी सिवन गेट पठान कैथल हाल किरायेदार शिव नगर किशनपुरा के रूप में बताई।
पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट एईटीओ सौरव जायसवाल की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब में अंदर पोलोथिन से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई।

**काबू**
**आरोपी अफीम को राजस्थान से कम कीमत पर खरीद तस्करी कर लाया था, पांच दिन के रिमांड पर भेजा**

## न्यूज फ्लैश

### स्टेशन पर रिश्तेदार को सामान देने आए युवक की बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सोनीपत** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में रिश्तेदार को सामान देने आए युवक की बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जनता कॉलोनी निवासी मानिक चंद ने बताया कि वह अपने किसी काम के सामान को रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में देने के लिए आया था। अपनी बाइक को गोदाम के पास खड़ी करके रेलवे स्टेशन पर चला गया। कुछ देर बाद जब वापिस लौटा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सरिता ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द बाइक चोरी का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सोनीपत ने अवैध हथियार सहित युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हर्षित उर्फ काकू निवासी फाजिलपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार क्राइम यूनिट की टीम गश्त पर थी। टीम जब बहालगढ़ रोड पर पहुंची तो सूचना मिली कि फाजिलपुर गांव का हर्षित उर्फ काकू मोटर कार वाश के पास पिस्टल सहित मौजूद है। टीम ने मौके पर पहुंच कर निगरानी शुरू की तो वहां एक युवक घूमता दिखा। टीम ने उसे रोक कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान हर्षित के रूप में दी। तलाशी ली तो उसके पास से अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कमल निवासी ग्रेटर नोएडा व आरोपित साहिद निवासी जयपुर राजस्थान का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि दूसरे को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक मनोज ने बताया कि उसकी टीम गश्त के दौरान सेक्टर-23 आउटर रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान चोरी की कार सहित युवक के होने की मिली। टीम ने आरोपित को कार सहित काबू कर लिया। सहायक उप निरीक्षक मनोज की टीम ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने एक आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि दूसरे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मादक पदार्थ तस्करी करने के दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट कुंडली पुलिस टीम ने मादक पदार्थ सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हरिपाल व सचिन निवासी पांची जाटान का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया।

# निश्चित रूप से होगा नागरिकों की समस्याओं का समाधान: पाल

## कुछ लोगों ने मुझे वर्क वीजा के तहत अमेरिका में नौकरी देने का लालच दिया व 30 लाख रुपए की मांग की

**समाधान शिविर**

▶▶ समाधान शिविर का सीधा संबंध जिले के उन नागरिकों से है जो समस्या का समाधान के लिए पहुंचते है



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निदान को लेकर नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर की जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल मलिक समस्या लेकर शिविर में पहुंच रहे नागरिकों से अनुरोध किया कि समस्याओं के समाधान में समय लग सकता है। मायुस न हो समाधान निश्चित है। उन्होंने शिविर में आई पैंशन से संबंधित समस्याओं पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए व कार्य में रूचि लेकर जल्द से जल्द निपटाने की बात कही। जनता समाधान शिविर में कुल 87 समस्याएं आई। जिनमें ज्यादातर समस्याएं फैमली आईडी, पुलिस विभाग व पैंशन विभाग से संबंधित रही।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि समाधान शिविर का सीधा संबंध जिले के उन नागरिकों से है जो समस्या का समाधान करवाने के लिए सचिवालय में पहुंचते है। पूरा प्रशासन एक ही लक्ष्य व उद्देश्य को लेकर इन समाधान शिविरों में पहुंच रही समस्याओं को निपटा रहा है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में इन समाधान शिविरों में आम जन की सुनवाई हो रही है व उनकी समस्याओं का तीव्रता से समाधान भी हो रहा है। जो लोग समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यालयों के चक्कर लगाकर मायूस हो गए थे अब उनके जीवन में नई रोशनी का संचार हो रहा है।

समाधान शिविर में पहुंची शिकायतकर्ता सत्या कुमारी वासी हथवाला रोड़ ने प्रशासन से शहीद परिवार को रोजगार देने की मांग की। उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल 89 की तरफ से सिविल अस्पताल में चाय की दुकान चलाने की अनुमति दी गई है लेकिन अभी तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि अगर उन्हें कैंटिन चलाने की अनुमति मिलती है तो वे अपने परिवार का पालन पोषण कर सकती है। प्रशासन ने संबंधित विभाग को इस पर संज्ञान लेने के लिए कहा।

प्रार्थी ईशम सिंह ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है। उन्होंने दूसरी शादी नहीं की। आय का साधन नहीं है। दो बच्चे है अतः मुझे विधुर पैंशन का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए मैं पात्र हूं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

शिकायतकर्ता मनोज कुमार वासी महराणा ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने मुझे वर्क वीजा के तहत अमेरिका में नौकरी देने का लालच दिया व 30 लाख रुपए की मांग की। उन्होंने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पैसे वापस करवाने की अपील की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पुलिस विभाग को इस पर संज्ञान लेने के लिए कहा।

# विकसित देश बनाने में युवा पूरा योगदान दे : गजेन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का मिशन निर्धारित किया है।युवा मोदी के इस मिशन में अपना पूरा पूरा योगदान दे।ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने लोक निर्माण विश्राम गृह में जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहे।उन्होंने कहा कि राष्ट्र को प्रथम मानकर ही युवा सेवा का संकल्प ले। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है इसमें कार्यकर्ता मेहनत के बल तथा प्रतिभा से कोई भी पद प्राप्त कर सकता है। बैठक में पहुंचने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आर्य बलविंदर मराठा तथा महामंत्री योगेश शर्मा ने कार्यकताओं के साथ गजेंद्र सलूजा को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया।

**मिशन निर्धारित**

▶▶ जिला अध्यक्ष आर्य बलविंदर मराठा ने बताया कि सदस्यता पर्व में युवा मोर्चा ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष आर्य बलविंदर मराठा ने बताया कि सदस्यता पर्व में युवा मोर्चा ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया बड़ी संख्या में संख्या में भाजपा के सदस्य बनाए।
बलविंदर ने आगे बताया कि अब सक्रीय सदस्य बनाने में भी युवा मोर्चा बढ़ चढ़ कर भाग लेगा। उन्होंने कहा कि संगठन के आगामी कार्यों को भी युवा मोर्चा पूरे जोश के साथ पूरा करेगा। बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश कुमार राणा ने भी संबोधित किया।

# छात्रों को परीक्षा के समय परीक्षा तनाव से कैसे मुक्त हो इसके बारे में जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**
**प्रख्यात** प्रोफेसर डॉ अशोक पांचाल ने हिमगिरी स्कूल में एक सेमिनार में भाग लिया, जिसमें उन्होंने अनेक कोर्सों पर अपने विचार साझा किए। इस सेमिनार में स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्रोफेसर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।छात्रों को परीक्षा के समय परीक्षा तनाव से कैसे मुक्त हो इसके बारे में अधिक जानने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद राठी और उप प्रधानाचार्य रितु लठवाल ने प्रोफेसर का स्वागत किया।




# विरासत ने राखीगढ़ी में सांस्कृतिक प्रदर्शनी लगाई

**महोत्सव**

▶▶ विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र की ओर से सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा सरकार के विरासत एवं पर्यटन मंत्रालय की ओर से आयोजित राखीगढ़ी महोत्सव में 20 दिसंबर को विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र की ओर से सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। प्रदर्शनी का हजारों लोगों ने अवलोकन किया। यह जानकारी विरासत के समन्वयक मयंक शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी का अवलोकन विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, प्रधान सचिव हरियाणा सरकार, विरासत एवं पर्यटन विभाग मैडम कला रामचन्द्रन, एवं पुरातत्व संग्रहालय हरियाणा के निदेशक, विशेष सचिव, हरियाणा सरकार आईएएस डॉ. सुनील खत्री ने किया। इससे पूर्व विरासत की ओर से सभी मेहमानों का लोक पारंपरिक तरीके से हरियाणवी गीत गाकर स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने विरासत की प्रदर्शनी में गहरी रूचि लेते हुए विशेष रूझान दिखाया। इस मौके पर उन्होंने तीन सौ साल से अधिक पुराने मुगली ताले, प्राचीन ताले, पुराने समय में पानी देने के लिए प्रयोग की जाने वाली पानी की घड़ी, ऊँटों एवं बैलों के जूए, पशुओं के गले में बांधी जाने वाली सौ साल से पुरानी घंटियां, कूंए से गिरे हुए सामान को निकालने के लिए प्रयोग किए जाने वाले कांटे और बिलाई, बिजाई के लिए प्रयोग किए जाने वाले पुराने हल और ओरने, ऊँट पर बैठने के लिए प्रयोग की जाने वाली ऊँट की कूचियां, ऊंचे खेतों में पानी देने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली डायल, डेढ़ सौ साल पुराना कूपा, भारत के राजा-रजवाड़ों के बाट, ऊँट एवं बैलों की गोड़ी, कूंए से पानी निकालने के लिए प्रयोग किए जाने वाले डोल, खेती के औजारें के रूप में जेली एवं टांगली, अनाज को मापने के लिए प्रयोग किए जाने वाले मापक, ऊँट के न्यौल, लडकी की विदाई के समय दी जाने वाली फुलझड़ी आदि सभी का अवलोकन किया।

# चार साहिबजादों व माता गुजरी की शहादत को समर्पित समागम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**
**माडल** टाऊन स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब में चार साहिबजादों व माता गुजरी की शहादत को समर्पित धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। स्त्री सत्संग सभा द्वारा श्री सुखमणी साहिब के पाठ किए गए। कीर्तन के उपरांत भाई गुरमुख सिंह ने संगत को निहाल किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने इतिहास पर प्रकाश डालते हुए आंनदपुर साहिब से लेकर चमकौर गढ़ी तक के इतिहास बारे में संगत को अवगत करवाया कउन्होंने चमकौर की गढ़ी में 10 लाख मुगल फौजों के साथ 40 सिखों व गुरु गोबिंद सिंह के साहिबादो बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह ने अपनी शहादत दी।



**पाठ**

▶▶ स्त्री सत्संग सभा द्वारा श्री सुखमणी साहिब के पाठ किए गए। भाई गुरमुख सिंह ने संगत को निहाल किया

इस तरह दोनो साहिबजादो ने धर्म-देश के लिए कुबार्नी दी। बिल्ला ने बताया किस तरह से पहाड़ी राजाओं ने मुगलों के साथ मिलकर किस तरह षड् ?यंत्र रचकर झुठी कसमें खाई और बाद मे अपनी कसमो से मुकर गए और चारों साहिब जादो को, जिनमें से दो को चरम कोर नदी तथा बाकि दो को सरहिंद की दिवार में जिन्दा चिनवा कर शहीद करवाया। विल्ला ने बताया कि फतेह सिंह व जोखर सिंह को इस्लाम धर्म कबूल न करने पर सरहिंद के नवाब ने दिवार में चिनवा दिया। दिवार बनने के साथ ही साहिबजादों ने जपूजी साहिब का पाठ करना शुरू किया।

# स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस के उपलक्ष में विज्ञान और कला प्रदर्शनी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आर्य** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस के उपलक्ष में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा रहे जबकि विशिष्ट अतिथि विद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान वीरेंद्र आर्य, प्रबंधक रामपाल जागलान , कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान, मेहर सिंह, जोगिंदर सिंह, राकेश पूनिया, जगदीश आर्य, सरपंच रणदीप कादयान , जसबीर ढांडा, और प्राचार्य अशोक आर्य रहे। प्राचार्य मनीष घनघस ने अतिथियों का पुष्प देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि तथा विद्यालय की समस्त कार्यकारिणी द्वारा विज्ञान और कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा बाल वैज्ञानिक के द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना की । प्रदर्शनी में विद्यालय की 300 छात्रों ने भाग लिया और छात्रों द्वारा 180 मॉडल तैयार किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा ने कहा है कि वर्तमान समय में विज्ञान में इतना विकास कर लिया है कि हमारा भविष्य पूरी तरह बदल गया है विज्ञान ने हमारा भविष्य बहुत ही उज्जवल बना दिया है।




## मादक पदार्थ तस्कर सहित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में क्राइम यूनिट ने मादक पदार्थ सहित युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित देवेंद्र निवासी ईशापुर खेड़ी हाल में प्रेम नगर का है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार क्राइम यूनिट की टीम मुरथल बाईपास के मौजूद थी। इस दौरान सूचना मिली कि प्रेम नगर का रहने वाला देवेंद्र हेरोइन बेचता है। वह थोड़ी देर बाद गन्नौर से कामी वाया सोनीपत की तरफ जाएंगा। टीम ने वहां नाकाबंदी कर निगरानी शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद एक कार आती दिखाई। पुलिस ने रोक कर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान देवेंद्र के रूप में दी।

# हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में मैथ्स कार्निवल दशक मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
**हरे** कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी छाज्जू रोड समालखा में 12 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में मैथ्स कार्निवल दशक मनाया गया। इसके लिए कक्षाओं के क्रमानुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता को कई भागों में विभक्त किया गया। प्रथम चरण में प्रत्येक टीम से चार-चार प्रश्न पूछे गए। दूसरे चरण में छात्रों को गणित की समस्याएँ हल करने के लिए दी गईं । तृतीय चरण में किसी एक गणित के विषय पर प्रस्तुतिकरण लिया गया । चौथे चरण में एक मिनट में अधिकाधिक प्रश्न पूछे गए। अंतिम चरण में गणित विज्ञों का छायाचित्र पहचानने के लिए दिया गया। इस प्रतियोगिता में सातवीं ए3 , आठवीं ए3 , नौवीं ए3 , दसवीं ए4, कक्षाएं विजेता रहीं। कक्षा ग्यारहवीं की प्रत्येक टीम में चार-चार प्रतिभागी रहे जिनमें टीम ई और कक्षा बारहवीं की प्रत्येक टीम में पांच पांच प्रतिभागी रहे जिसमें टीम डी विजेता रहीं। परम,अंशिका शर्मा, अवनी, अंशिका, कोमल, अभय, हर्षित गाह्ल्यान, प्रीति, योगेश,रिया,पायल मैरिस,श्वेता, हिमांशी,संजना,पायल आदि विजेता विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की गई। स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा व प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को प्रश्नोत्तरी में उत्तम प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया। प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने कहा कि इस तरह की ज्ञानवर्धक सभी विषयों से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता है ताकि बच्चों को सभी विषयों का ज्ञान होता रहे एवं उनका समुचित विकास हो। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर, अध्यापक निशांत व रवि रहे।




**प्रतियोगिता**

▶▶ इस तरह की ज्ञानवर्धक सभी विषयों से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में गणित प्रयोगशाला का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल ने अपनी शिक्षा प्रणाली में एक और उत्कृष्ट पहल करते हुए, पूर्व प्राथमिक विभाग के अंतर्गत पुराने एक्टिविटी रूम और गणित प्रयोगशाला को नए स्वरूप में प्रस्तुत किया है। इसका उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी और पूर्व प्राथमिक विभाग की समन्वयक श्रीमती अमिता अरोड़ा ने किया। गणित प्रयोगशाला और एक्टिविटी रूम को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि बच्चों के रचनात्मक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिले। बच्चों के मानसिक विकास और उनकी कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए इनमें विभिन्न उपकरण और खेल उपलब्ध कराए गए हैं। एक्टिविटी रूम में बच्चों की मोटर स्किल्स और रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए फाइन मोटर स्किल्स गेम्स, ग्रॉस मोटर स्किल्स गेम्स, एक्टिविटी बोर्ड, और पपेट थिएटर जैसी सुविधाओं को शामिल किया गया है। बच्चों के मनोरंजन और शिक्षा के लिए हॉप-स्कॉच और स्मॉल बॉल रूम भी तैयार किए गए हैं। गणित प्रयोगशाला में बच्चों के लिए अबेकस, कार्यात्मक मॉडल्स, घड़ी के वर्किंग मॉडल, विभिन्न आकृतियां, स्थान मान मॉडल, विषम-समान मॉडल, भिन्न मॉडल, स्किप काउंटिंग मॉडल, और अंक खेल जैसे शैक्षिक उपकरण उपलब्ध हैं। इन उपकरणों के माध्यम से बच्चों को गणितीय अवधारणाओं को सहज और रोचक तरीके से समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने कहा, "मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल बच्चों की समग्र शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। गणित प्रयोगशाला और एक्टिविटी रूम बच्चों की शिक्षा को रुचिकर और प्रभावी बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। मैं सभी अभिभावकों से आग्रह करता हूं कि वे अपने बच्चों को इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें और शिक्षकों से अपेक्षा करता हूं कि वे इन संसाधनों का रचनात्मक उपयोग कर बच्चों में नई क्षमताओं का विकास करें।" विद्यालय ने अभिभावकों और शिक्षकों से आग्रह किया है कि वे इन विचारों को अपनाकर बच्चों की शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने में योगदान दें।
उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगा। मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल का यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम मानकों को स्थापित करने और बच्चों की प्रतिभा को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



**एक्टिविटी रूम**

▶▶ पूर्व प्राथमिक विभाग के अंतर्गत पुराने एक्टिविटी रूम और गणित प्रयोगशाला को नए स्वरूप में प्रस्तुत किया

# राजयोगिनी कृष्णा दीदी के मासिक भोग पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज मुलाना सेवाकेंद्र पर अंबाला सब जोन की पूर्व निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी के प्रति नौंवे मासिक भोग के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम "अच्छे विचारों से स्वस्थ समृद्ध सुखी समाज" में ब्रह्माकुमारीज शाहबाद सेवाकेंद प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी ने बतौर मुख्य वक्ता अपने वक्तव्य में कहा कि राजयोग के नियमित अभ्यास से अनेकों भाई बहने खुश रहते है। जैसी हमारी सोच होगी हम वैसे ही बन जाते है। स्वयं का चित्र स्वयं बना सकते हैं जिससे हमारा चरित्र बन जाता है। जीवन में किसी के दुख देने से नहीं बल्कि बार बार विचार करने से आता। सकारात्मक सोच वाले को कोई परेशान कर नहीं सकता । मुझे बीमार करने वाले कोई और नहीं हमारे विचार हैं।
ब्रह्माकुमारीज अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि यदि किसी की कोई कमी कमजोरी देखते तो रहम दिल हो कर उसे क्षमा दान देना है। हमें स्व परिवर्तन की ओर विशेष ध्यान देना। बदला नहीं लेना बदल कर दिखाना है। झुके हुए वृक्ष ही फल दिया करते। इसलिए पुराने संस्कार स्वभाव को परिवर्तन करने के संकल्प को आने वाले वर्ष के लिए दृढ़ता प्रदान करें। ब्रह्माकुमारी मुलाना सेवाकेंद्र प्रभारी वीना दीदी तथा सुभद्रा बहन ने सभी का धन्यवाद किया।



# स्वामी श्रद्धानन्द ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति को पुनर्स्थापित किया: डॉ. विद्यालंकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** स्वामी श्रद्धानन्द एक सच्चे राष्ट्रभक्त और शिक्षाविद् थे, उन्होंने मैकॉले की अंग्रेजी शिक्षा पद्धति को नकारते हुए हमारी पुरातन गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति को पुनर्स्थापित किया। बच्चों को अक्षरज्ञान के साथ-साथ एक सुरक्षित माहौल प्रदान करने और संस्कारवान बनाने के लिए स्वामी श्रद्धानन्द जी ने गुरुकुल कांगड़ी, गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ, गुरुकुल कुरुक्षेत्र तथा गुरुकुल सूपा, गुजरात की स्थापना की और शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस कार्यक्रम में आए




अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहे। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप सहित सभी अध्यापक एवं संरक्षकगण मौजूद रहे।
डॉ. विद्यालंकार ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा लगाया गुरुकुलरूपी यह पौधा आज वटवृक्ष बनकर पूरे विश्व में उनके नाम को प्रकाशित कर रहा है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने स्त्री शिक्षा, जाति प्रथा, अछूतोद्धार और बच्चों को संस्कारित शिक्षा का जो सपना देखा था, उसे उनके मानसपुत्र स्वामी श्रद्धानन्द ने पूरा किया। एक समय में स्वामी श्रद्धानन्द के जीवन में अनेक बुराइयां थी मगर स्वामी दयानन्द के एक ओजस्वी व्याख्यान ने उनके जीवन की दशा और दिशा ही बदल दी और उन्हें मुंशीराम से स्वामी श्रद्धानन्द बना दिया। स्वामी के विचारों से प्रेरित होकर मुंशीराम ने अपने जीवन से गंदे विचारों और दुगुर्णों को निकाल फेंका और समाज सुधार व मानव कल्याण का मार्ग अपनाया। उन्होंने कहा कि एक समय में स्वामी श्रद्धानन्द देश के शीर्ष नेताओं में शुमार रहे जिन्होंने हिन्दी भाषा, धर्म-परिवर्तन शुद्धि आन्दोलन व अछूतोद्धार को लेकर बहुत बड़ा कार्य किया। उन्होंने छात्रों से जीवन में सफलता हेतु हमेशा अपने गुरुजनों व माता-पिता का सम्मान करने का आह्वान किया। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने अभिभावकों को गुरुकुल द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी, साथ ही विश्वास दिलाया कि गुरुकुल प्रबंधन हमेशा ही छात्रों के हित में महत्त्वपूर्ण कार्य करता है, छात्रों का सर्वांगीण विकास ही गुरुकुल का उद्देश्य है।

**प्रेरणास्त्रोत**

**स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा लगाया गुरुकुल रूपी यह पौधा आज वटवृक्ष बनकर पूरे विश्व में उनके नाम को प्रकाशित कर रहा**

# कस्तूरबा गांधी बाल विद्यालय में छात्रों में जूते और मोजे वितरित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कस्तूरबा** गांधी बाल विद्यालय जलमाना, पानीपत और लायंस क्लब ग्रेटर पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में आज विद्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों को जूते और मोजे वितरित किए गए।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि दीपक गर्ग, लायंस क्लब ग्रेटर पानीपत के अध्यक्ष रविंदर जैन और विद्यालय के प्राचार्य श्री ज्ञानी राम कौशिक उपस्थित थे। इस समारोह में विद्यालय के छात्रों को जूते और मोजे वितरित करने के साथ-साथ उनके शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई।
नितिन अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने



वाले संगठनों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। दीपक गर्ग ने कहा कि हमें अपने समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का समर्थन करना चाहिए। रविंदर जैन ने कहा कि लायंस क्लब ग्रेटर पानीपत हमेशा से ही समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों का समर्थन करता है। ज्ञानी राम कौशिक ने कहा कि हमें अपने विद्यालय के छात्रों को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आवश्यक सामग्री प्रदान करने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस समारोह का आयोजन कस्तूरबा गांधी बाल विद्यालय जलमाना, पानीपत और लायंस क्लब ग्रेटर पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

## न्यूज फ्लैश

### किसानों के खेतों से बिजली के उपकरण व मीटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव अटेरना में किसान के खेतों से बिजली के उपकरण व मीटर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव अटेरना निवासी हेमचंद्र ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसके खेत में ट्यूबवेल का दरवाजा खुला हुआ मिला। उसने देखा कि अंदर से बिजली का मीटर गायब है। साथ ही तांबे की तार व स्टार्टर चोरी मिला। उसके पड़ोस वाले खेत से भी सामान चोरी हुआ मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त रैली निकाल कर नशे के प्रति लोगों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद के प्रांगण में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। स्वयं सेवकों ने लक्ष्य गीत गाकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा अंजलि ने प्रदूषण की समस्या पर स्वयं सेवकों को जागरूक किया। विद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉक्टर हवा सिंह ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य पर अपने विचार प्रकट किए। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति पर एक रैली निकाली और नशे के प्रति लोगों को जागरूक किया। रैली को विद्यालय की प्रभारी श्रीमती वीणा मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय की छात्रा मुस्कान, रमनप्रीत, हिमांशी और अंजलि, स्नेहा, निकिता ने देशभक्ति गीत गाकर राष्ट्र के प्रति प्रेम भावना को प्रदर्शित किया। सभी छात्रों ने नशा मुक्ति पर स्लोगन लिखे। इस अवसर पर सभी स्वयं सेवकों और विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 24 दिसंबर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। शिविर में 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

### दो दिवसीय अंतर जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैपियनशिप का आयोजन

**रोहतक।** दो दिवसीय अंतर जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैपियनशिप का आयोजन भारतीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठ मंडी रोहतक में किया गया। इस प्रतियोगिता की मेजबानी मार्शल आर्ट्स स्पोर्टस अकादमी ने की। यह प्रतियोगिता यूनाइटेड ताइक्वांडो स्पोर्ट्स फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोटा क्लास के निदेशक संदीप कुमार, डॉ. चमत्कार नागर, प्रसिद्ध समाजसेवी अमित गौतम ने शिरकत की और अन्य गणमान्य अतिथि के रूप में डीएसओ कार्यालय के कोच अनूप राठी और कोच शिव किराड़ ने की। इस चैपियनशिप में जिले रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, इज्जर, सोनीपत, फरीदाबाद और पलवल के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया।

# स्वच्छता बढ़ाने के लिए चलाया जाएगा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**हरियाणा** सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ हरियाणा मिशन के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त डा. पंकज यादव ने हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी के दिशा - निदेर्शानुसार जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निरंतर सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता पहल सुनिश्चित करने के लिए गतिविधि कैलेंडर भी बनाएंगे। एडीसी ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के साथ जनता के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों आदि समेत सभी सरकारी कार्यालयों में सफाई को बढ़ाना भी है। अभियान का फोकस प्रशासनिक विभागों और निदेशालयों के साथ-साथ सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों और सार्वजनिक संपर्क वाले कार्यालयों पर रहेगा। तैयारी का चरण 31 दिसंबर तक चलेगा और इसमें विभागों में जमीनी स्तर पर काम होगा। इस चरण के दौरान, अभियान से जुड़ी गतिविधियों की अगुवाई करने के लिए जिला कार्यालय और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी कर्मचारियों को जुटाएंगे, सफाई अभियान के लिए स्थलों की पहचान करेंगे और ई-नीलामी सहित निपटान के लिए अनावश्यक सामग्रियों का आँकलन करेंगे। हरियाणा सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशानिदेर्शों के अनुसार दस्तावेज रिटेंशन को सुव्यवस्थित करने और अप्रचलित रिकॉर्ड को हटाने पर ध्यान देने के साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा। एडीसी ने बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मुख्य चरण के दौरान, विभागों द्वारा तैयारी चरण के दौरान बनाई गई योजनाओं को लागू किया जाएगा।
नोडल अधिकारी हाई-रिजॉल्यूशन फोटो और वीडियो के साथ प्रगति का दस्तावेजीकरण करने, उपलब्धियों की रिपोर्ट करने और अभियान के प्रभाव पर जनता से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**भूमिका निर्धारित**

**अभियान के प्रभाव पर जनता से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे**

# चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने फैक्टरी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गणेश निवासी बिहार हाल में लांडा कॉलोनी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कुंडली निवासी उज्जवल ने गत 28 नवंबर को शिकायत देकर बताया कि उसने फैक्टरी लगाई है। फैक्ट्री में ओवीन खराब हो गया। जिसकी वजह से काम करने वाली लेबर लगा रखी है। गत 27 नवंबर को फैक्टरी में आकर देखा तो फैक्टरी में पाउडर के करीब छह सौ व सात सौ केजी सर्फ था। कार पार्ट, आयरन दो हजार पीसी व मोटर गायब मिले। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक दीपक की टीम ने चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

**काबू**

**गिरफ्तार आरोपित गणेश निवासी बिहार हाल में लांडा कॉलोनी कुंडली का है। अदालत में पेश किया**

# डॉ. राजबीर आर्य बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**

**भारतीय** जनता पार्टी के सिवाह मंडलाध्यक्ष एवं निवर्तमान नगर निगम पार्षद संजीव दहिया ने आज भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख डॉ राजबीर आर्य को सक्रिय सदस्य के रूप में पंजीकृत किया और इस आशय का प्रमाण पत्र सौंपा। डॉ राजबीर आर्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल का सक्रिय सदस्य होना मेरे लिए प्रसन्नता का विषय है। सिवाह मंडलाध्यक्ष संजीव दहिया ने बताया कि जो कार्यकर्ता 50 नए कार्यकर्ता



पार्टी के साथ जोड़ता है तो पार्टी द्वारा उसे सक्रिय सदस्य बनाया जाता है और डॉ राजबीर आर्य ने इस सदस्यता अभियान में आज तक 304 नए सदस्यों को भाजपा से जोड़ा है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इन्हीं सक्रिय सदस्यों में से ही संगठन और सरकार में दायित्व दिए जाएंगे।

# सत्य का परिचय करा कर मन को परमात्मा से जोड़ता है राजयोग: नीति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंडा ? :**

ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद मारकंडा में विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम किया गया। इसमें शहर व ग्रामीण आंचल से जुड़े बहन-भाईयों ने शिरकत की। सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी नीति दीदी ने ध्यान के महत्व पर अपने विचार सांझा करते हुए बताया राजयोग मेडिटेशन न केवल सत्य का परिचय कराता है, बल्कि मन को परमपिता परमात्मा से जोड़ता है। वह परमात्मा के दिव्य शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करने का माध्यम है।



परमात्मा की याद से कर्म करने से कर्म भी श्रेष्ठ बनते हैं। राजयोग मेडिटेशन मन को आंतरिक शक्ति व स्थिरता प्रदान करता है और मानव जीवन को संतुलित व संतुष्ट बनाता है। उन्होंने बताया कि यह ध्यान व्यवहार को शांत, उत्तम, दिव्य और श्रेष्ठ बना कर संबंधों में सुधार लाता है। मन की मलीनता को दूर करता है। इस अवसर पर बलदेव, पवन, कपिल, साहिल, सचिन, अजय, ज्ञानचंद, शोभा, सोनिया, शकुंतला, सुखविंदर, सुनीता, शीला सहित काफी बहन भाई मौजूद रहे।

# चौटाला साहब की कमी हमेशा खलेगी: धनखड़

**सोनीपत: हरियाणा** के पांच बार मुख्यमंत्री रहे चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के असामायिक निधन से हर हरियाणा वासी दुखी हैं। सोनीपत के प्रसिद्ध समाजसेवी विनोद धनखड़ ने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के निधन से हुई क्षति अपूर्णीय है। चौधरी ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा वासियों के दिलों पर राज करते थे और पक्की जुबान के नेता तथा हमेशा गरीब, किसान और कमेरे वर्ग के लिए संघर्षरत रहे उन्होंने चौधरी देवीलाल की विरासत एवं विचारों को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया। सोनीपत के प्रसिद्ध समाजसेवी विनोद धनखड़ ने चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को नमन करते हुए कहा चौधरी ओमप्रकाश चौटाला साहब की कमी हरियाणा वासियों को हमेशा खलेगी।

# सिर काटकर महिला की हत्या मामला, आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में महिला का सिर काटकर उसकी बेरहमी से हत्या करने के बाद सिर को बेटी के पास भेजने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित नुनु लाल मुखिया निवासी दरभंगा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से आरोपित को सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद अलग-अलग जगहों पर छुपता रहा। पुलिस की टीमें बिहार, दिल्ली, यूपी में आरोपित की तलाश कर रही थी। पूर्णिया बिहार हाल में शिव कॉलोनी निवासी जयनारायण ने गत 13 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि शहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी पत्नी शहर के निजी अस्पताल में सफाई का काम करती है। वह देर शाम को घर से अस्पताल में गई थी। देर शाम तक वापिस नहीं लौटी। सुबह उसका शव ऑटो मार्केट के पास होने की जानकारी मिली। मृतका का सिर नहीं मिला था। राहगीरों की सूचना के बाद पुलिस टीम व एफएसएल की टीम ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। जहां से शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। पुलिस ने मृतका के पति के बयान पर उसके दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। जानकारी मिली है कि महिला के पति ने दो शादी की है। उसके पास पांच बच्चे हैं। जिनमें 3 लड़के व 2 लड़कियां है। दो बच्चे दूसरी पत्नी जिसकी हत्या की गई उसे हुए। एक लड़का व एक लड़की। बड़ा लडका व छोटी लड़की है। दूसरी पत्नी से जो बेटी है वह शादीशुदा व एक लड़के की मां है। बेटी ने अपने पहले पति को छोड़ दिया था और विकास नगर के युवक के साथ रहने लगी थी। अब कुछ समय से बेटी ने विकास नगर में रहने वाले युवक को भी छोड़ दिया था ओर किसी अन्य व्यक्ति के साथ रहने लगी थी। विकास नगर में रहने वाले युवक ने उसे व उसकी पत्नी को इस बात को लेकर धमकी दी थी कि उसकी पत्नी को गायब करने में तुम्हारा हाथ है या तो उसकी पत्नी को वापस बुला दो नही तो अन्जाम भुगतना होगा। मृतका के पति ने शक जताया है कि पत्नी की हत्या विकास नगर के युवक ने की है।

**शिकंजा**

**उसकी पत्नी को गायब करने में तुम्हारा हाथ है या तो उसकी पत्नी को वापस बुला दो नही तो अन्जाम भुगतना होगा**

# हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सीआईए-2** सोनीपत पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ऋषि निवासी मेहंदीपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मेंहदीपुर निवासी राजेश ने गत 10 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके भाइयों के साथ खेवट का मुकदमा चल रहा है। उसी के चलते उसे कई बार धमकी दी जा चुकी है। गत चार दिसंबर को करीब नौ बजे उसका भाई अमरजीत ने षड्यंत्र रचकर मेरे भाई अमरजीत को जान से मारने की योजना बनाकर हमारे घर से बैठक में जा रहा था तो सरेआम गली में ऋषि ने मेरे भाई को षडयंत्र के तहत गली में रोका व माँ बहन की गन्दी-गन्दी गालियां दी।
उसे बंधक बना लिया। उसे छुड़ाने के लिए जाने लगे। उसी दौरान जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। उसके बाद लोहे की फाली से मारने का प्रयास किया। उसे धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# महिला मौत मामला: पहले से शादीशुदा था आरोपित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में महिला की हत्या करने का आरोपित पहले से शादीशुदा था। उसके पहली पत्नी से पांच बच्चे भी है। जिसमें से तीन बेटी व एक बेटा है। जबकि एक की मौत हो चुकी है। आरोपित ने मृतका की बेटी को प्रेम जाल में फंसा लिया था। वहीं युवती को शादीशुदा व बच्चों का पिता होने का पता चला तो उसने युवक से बातचीत करना कम कर दिया। जिसके बाद आरोपित ने उसे वेश्यावृत्ति में धकेल दिया। वह डर के चलते दिल्ली में जाकर रहने लगी थी। आरोपित ने वारदात को अंजाम देने के बाद सिर को चौहान जोशी में स्थित युवती के मकान पर थैले में रख आया था। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर छळ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। वहीं वारदात में प्रयुक्त हथियार की तलाश कर रही है। आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमों ने यूपी, बिहार, दिल्ली में दबिश दी थी। थाना सेक्टर-27 पुलिस को गत 13 दिसंबर को आटो मार्केट के पास एक महिला का सिर कटा शव मिला था। इस बीच मूलरूप से बिहार फिलहाल देवडू रोड पर रहने वाले व्यक्ति ने अपनी पत्नी के रूप में उसकी पहचान की थी। वह शहर के निजी अस्पताल में सफाई कर्मचारी की तौर पर काम करती थी। वह 12 दिसंबर शाम को नाइट ड्यूटी पर अस्पताल गई थी, लेकिन सुबह तक नहीं लौटी थी। मृतका के पति ने हत्या का आरोप अपने दामाद पर लगाया था। उसने बताया था कि उसकी बेटी अनबन होने के चलते उसे छोड़ कर चली गई। जिसके चले वह उसकी पत्नी को तंग कर रहा था। उसी ने हत्या की है। बाद में पुलिस को मृतका की बेटी के प्रेमी के कमरे पर बैग में कपड़ों के बीच उसका सिर मिला था। बेटी के प्रेमी ने बताया था कि आरोपित नानूराम उसे कपड़े बताकर बैग देकर गया था। बाद में आरोपित के बिहार में होने के इनपुट मिले थे। पुलिस टीमें वहां पहुंची थी। उसके बाद आरोपित वहां से भाग कर दिल्ली में ठिकाने बदल कर रहने लगा। अब आरोपित विकास नगर स्थित किराए के कमरे से सामान उठाने आया तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

**हत्या करने का बना लिया प्लान, अस्पताल से बाइक पर बैठाकर ले गया-** पूछताछ में आरोपित ने बताया कि हत्या के दिन आरोपित अपनी सास के पास अस्पताल में पहुंचा था। उसने उसकी बेटी से समझौता करने के बात कही। उसने बताया कि उसकी बेटी जिस युवक के साथ रह रही है। उसका पता लगा लिया है।
साथ चलकर बात कर लो। वह आरोपित के झांसे में आ गई। इस दौरान आरोपित ऑटो मार्केट की खाली जमीन पर लघुशंका का बहाना कर बाइक रोक ली। फिर अचानक उस पर तेजधार हथियार से वार करना शुरू कर दिए। गर्दन काट कर उसकी बेटी के प्रेमी को थमा आया। जांच के दौरान पुलिस को आरोपित की सीसीटीवी फुटेज भी मिली है। जिसमें वह बाइक पर अपनी सास को ले जाता दिख रहा है।

**खुलासा**

**पुलिस टीमें वहां पहुंची थी। उसके बाद आरोपित वहां से भाग कर दिल्ली में ठिकाने बदल कर रहने लगा**

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को चपेट में लिया, दिल्ली में उपचार के दौरान मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में पार्ट टाइम जॉब करने वाले युवक व उसके दोस्त को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने जतिन नाम के लड़के को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। वहां से उसे दिल्ली के अस्पताल में रेफर कर दिया। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। गांव मोहाना निवासी सत्यवान ने बताया कि उसका बेटा जतिन (22) कंप्यूटर की पढ़ाई कर रहा था। उसके साथ ही पार्ट टाइम जॉब करता है। गत 19 दिसंबर को उसका लड़का जतिन व उसका दोस्त स्वेज के साथ बाइक पर सवार होकर डिलीवरी करने के लिए जा रहे थे। देर शाम करीब आठ बजे महाराणा प्रताप चौक पर तेज रफ्तार कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसके लड़के जतिन को गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए। उसके बाद वहां से दिल्ली रेफर कर दिया। जहां दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एएसआई अशोक ने बताया कि कार चालक की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।




# ग्लो कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के सालाना कार्यक्रम में शामिल हुए मंगेश त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुकंदपुर स्थित राधा विहार नंदिनी वाटिका में ग्लो कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का सालाना कार्यक्रम जोरों शोरों से आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित बच्चों की हौसलाअफजाई के लिए उनके माता-पिता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी, मुकुंदपुर वार्ड से पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह के साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस नेता संजीव मिश्रा









सहित कांग्रेस के कई नेता शामिल हुए। **बच्चों के नृत्यों ने बांधा समां:** इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के दम पर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए व लोगों को गानों की थाप पर झूमने को मजबूर कर दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मोमेंटो देकर उनको सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रा व उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए मंगेश त्यागी ने कहा कि पिछले 11 साल से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। विकास के नाम पर दिल्ली की जनता की जेबें काटने के अलावा कुछ नहीं किया है। अब दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आ गए हैं तो क्षेत्रीय विधायक संजीव झा बुराड़ी के लोगों को भ्रमित कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने निकले हैं। त्यागी ने कहा कि यह चुनाव बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के युवकों का आने वाला भविष्य तय करेगा। इस मौके पर श्याम सिंह ने कार्यक्रम के आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो नवयुवक हैं वह हमारे देश का और हमारे क्षेत्र का आने वाले कल का भविष्य है। अगर इन भविष्य को आगे बढ़ाना है तो इस बार आम आदमी पार्टी के झांसे में ना आए और कांग्रेस का समर्थन करें।

इसके साथ ही श्याम सिंह ने कहा कि मुकुंदपुर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लचर है। पार्षद और विधायक किसी भी काम के नहीं है जिन्होंने क्षेत्र को नर्क से भी बदत्तर बनाकर रख दिया है।

# त्रिदेव कार्यक्रम में भाजपा ने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव को लेकर भाजपा पूरी दिल्ली में तरह-तरह के आयोजन कर लोगों के बीच अपनी जगह बनाने व लगभग पच्चीस साल से दिल्ली की सत्ता से दूर रहने के बाद फिर से दिल्ली की सत्ता हासिल करने के लिए जद्दोजहद कर रही है। इसी कड़ी में चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र में त्रिदेव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। त्रिदेव सम्मान समारोह का आयोजन चांदनी चौक के सामने जैन स्पोर्ट्स क्लब में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर पूर्वी जिला सांसद मनोज तिवारी, चांदनी चौक जिलाध्यक्ष सरदार





कुलदीप सिंह, चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी, गोपाल गर्ग, सुभाष डाबर, अंजू जैन, विधानसभा प्रभारी विपिन सागर, विस्तारक रोहित शर्मा, योगेश शर्मा, आशा वर्मा, मंडल अध्यक्ष सतीश जैन, पूर्व निगम पार्षद अशोक सिंह तोमर, जिला उपाध्यक्ष सारिका श्रीवास्तव, मंत्री जिला सुनील शर्मा, जिला मंत्री सुमित गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, संजू, अवतार सिंह, पूर्व महापौर रूपनारायण सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर हरीश असडी ने कहा कि आने वाले चुनाव में चांदनी चौक विधानसभा की सीट भाजपा जीतने जा रही है,जिसका सारा श्रेय त्रिदेव को जाएगा।

# आर्यसमाज आदर्श नगर ने मनाया स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: स्वामी** श्रद्धानंद बलिदान दिवस के मौके पर आर्यसमाज आदर्श नगर ने आर्य मॉडल स्कूल के साथ मिलकर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली। ये यात्रा आदर्श नगर के आर्य मॉडल स्कूल से शुरू की गई, जो पूरे आदर्श नगर में घूमी। यात्रा का जगह-जगह लोगों ने जोरदार स्वागत किया और फूलों की बरसात की। बता दे की पिछले कई सालों से आर्यसमाज आदर्श नगर इस यात्रा को धूमधाम से निकलता आया है। इस बार भी ये यात्रा भव्य रूप से निकली। जहां आर्य मॉडल स्कूल के बच्चों ने भी अपनी अपनी प्रतिभाएं दिखाई।

# दिल्ली में विकास लाना जरूरी है, तो कांग्रेस का आना जरूरी है: मंगेश त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली और** केंद्र की सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस अब पुन: दस साल बाद दिल्ली की सत्ता हासिल करने के लिए व दिल्ली विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करने के लिए ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगा रही है। वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं सहित प्रत्याशी भी सीट निकालने के लिए कोई कसर नही छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी भी क्षेत्र के लोगों के बीच अपनी जगह बनाने व जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात लोगों के बीच संपर्क







कर रहे हैं। इस दौरान मंगेश त्यागी ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के सुनील कॉलोनी स्थित स्पर्श चर्च में क्षेत्रवासियों के साथ मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंगेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल और निवर्तमान दिवंगत कांग्रेस की पूर्व स्वर्गीय नेता शीला दीक्षित ने दिल्ली में कभी भी न तो विकास रूकने दिया था और न ही विकास की गति कभी धीमी पड़ने दी थी। लेकिन दिल्ली में जब से केजरीवाल की सरकार आई है तब से दिल्ली का विकास ठप्प पड़ गया है और भाजपा के शासन में भूखमरी की कगार पर देश का गरीब तबका खड़ा हुआ है। त्यागी ने कहा कि दिल्ली का विकास केवल कांग्रेस ही कर सकती है अगर दिल्ली में विकास लाना है तो कांग्रेस का आना जरूरी है

# 98वें बलिदान दिवस पर स्वामी श्रद्धानंद को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी,महान समाज सुधारक,गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती का 98वां बलिदान दिवस आर्य समाज अशोक विहार फेस 1,ब्लॉक एफ,दिल्ली में हर्षोल्लास से मनाया गया। वैदिक विद्वान आचार्य प्रेमपाल शास्त्री ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी का जीवन सामाजिक



समरसता को समर्पित था। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार की स्थापना कर पुरातन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित किया। स्वामी श्रद्धानन्द निर्भीक संन्यासी थे उन्होंने कई मोर्चों पर अंग्रेजी हकूमत से लोहा लिया।

# रोजगार मेले में सचदेवा सहित कई नेताओं ने दिया युवाओं को प्रोत्साहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** द्वारा तालकटोरा स्टेडियम में झुग्गी बस्ती युवा रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में दिल्ली के झुग्गी बस्तियों से होनहार युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल के संयोजन में आयोजित इस रोजगार मेले को राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने







संबोधित किया। मंच का संचालन दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने किया। इस मौके पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह एवं रमेश बिधूड़ी, भाजपा नेता पवन शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी एवं विजय गोयल, प्रदेश मंत्री सोना कुमारी एवं किशन शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी सहित अन्य पदाधिकारी और कई बड़े कंपनियों के गणमान्य उपस्थित थे। अपने स्वागत भाषण में विष्णु मित्तल ने बताया कि आज दिल्ली के लगभग 4000 युवाओं का हमने रजिस्ट्रेशन कराया है जिनमें से 1445 युवाओं को हम शीघ्र रोजगार पत्र देने जा रहे हैं। इसके साथ ही जिन लोगों को आज रोजगार देने का काम किया गया है उन्हें अगले 7 से 10 दिन में हम नियुक्ति पत्र दे देंगे। उन्होंने कहा कि आज इस रोजगार मेला का हमने आयोजन किया है और अगले रोजगार मेले का उद्घाटन भाजपा सरकार के बनने के बाद भाजपा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि कोई भी इस बात की कल्पना भी नहीं कर सकता था कि रोजगार लेने के लिए युवा नहीं भटकेगा बल्कि रोजगार देने वाले युवाओं तक पहुंचेंगे लेकिन मोदी है तो मुमकिन है।

# केजरीवाल बतायें क्या संजीवनी कोई सरकारी पंजीकृत स्वास्थ योजना है : कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की अरविंद केजरीवाल द्वारा संजीवनी योजना के फार्म भरवाने के नाम से बुजुर्गों के साथ विश्वासघात की शुरूआत की है। केजरीवाल अपने होर्डिंग्स पर खुद को दिल्ली का बेटा एवं भाई बताते हैं, दिल्ली के बुजुर्ग केजरीवाल से जवाब चाहते हैं की वह बतायें की क्या संजीवनी कोई सरकारी




पंजीकृत स्वास्थ योजना है। खुद को श्रवण कुमार बताने वाले अरविंद केजरीवाल बतायें की क्या कोई बेटा अपने मां बाप को इस तरह झूठे सपने बेचता है जैसे वह बेच रहे हैं। दिल्ली के बुजुर्ग आज केजरीवाल से पूछना चाहते हैं जब आपकी पंजाब सरकार ने आयुष्मान योजना लागू की हुई है ऐसे में आप क्यों दिल्ली में उस लागू क्यों नही करते। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है असल में केजरीवाल की मंशा निजी अस्पताल इलाज के नाम पर वैसी किक बैक योजना चलाना चाहते हैं जैसी निजी जांच केन्द्रों से चलाई थी।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में मुकाबला काफी दिलचस्प होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नरेला विधानसभा** क्षेत्र हरियाणा बॉर्डर से सटा दिल्ली की नॉर्थ वेस्ट लोकसभा सीट का भाग है। ढाई दर्जन से अधिक गांव जबकि लगभग तीन दर्जन अवैध कॉलोनियां इस विधानसभा क्षेत्र में हैं। इनके अलावा नरेला सबसिटी में डीडीए की बड़ी संख्या में नई पुरानी और हाउसिंग अपार्टमेंट भी इस विधानसभा का हिस्सा है, लेकिन अभी तक यहां विकास की लहर नहीं आई है। वहीं दूसरी तरफ नरेला की भौगोलिक दृष्टि से यहां की आबादी पिछले दो दशक में तीन गुना बढ़ गई है। इस विधानसभा में चुनावी जीत हार काफी हद तक ग्रामीण इलाकों और अवैध बस्तियों के वोटरों पर निर्भर करती है। ऐसे अनेक विषयों पर नरेला विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के युवा नेता प्रदीप भारद्वाज के साथ एक्शन इंडिया न्यूज पेपर के बाहरी दिल्ली से ब्यूरो चीफ रामा खत्री ने की चर्चा।

**नरेला विधानसभा क्षेत्र का चुनावी मुद्दा क्या है**

नरेला विधानसभा सीट के अंदर करीब दो दशक से मेट्रो की मांग जारी है। हर चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बनता है। अतिक्रमण, सड़कों पर



जाम और अनियमित तरीके से बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों की वजह से यहां पर संसाधन की कमी हो रही है और जनसंख्या विस्फोटक रूप से बढ़ रही है। गांवों के अंदर गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था तक नहीं है। गांव के डेवेलपमेंट पर काम नहीं हो रहे हैं। हायर एजुकेशन की कमी, हॉस्पिटल के नाम पर सिर्फ एक अस्पताल जहां पर अधिक सुविधाएं तक नहीं हैं।

**आपने आम आदमी पार्टी का दामन क्यों छोड़ा**

आम आदमी पार्टी में सिर्फ अरविंद केजरीवाल का शासन चलता है। वहां किसी को बोलने का अधिकार नहीं है। आप में उन्हें घुटन महसूस हो रही थी। आप में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है।

**नरेला से जीत हार में किसकी होगी भूमिका**

ग्रामीण इलाका होने और हरियाणा के अधिकांश हिस्से से लगे हुए होने के कारण यहां पर जाति समीकरण का फैक्टर सबसे अधिक है। साथ ही अब पुनर्वास कॉलोनी और पूर्वांचल का भी असर दिखने लगा है। यहां पिछले दो दशक से अधिक समय तक जाट फैक्टर सबसे हेवी रहा है। ऐसे में अगर हरियाणा के समीकरण को देखते हुए बीजेपी यहां से नॉन जाट की उम्मीदवार को तय करती है तो आने वाला मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है।

# यूपी के पुलिस कर्मियों पर विभागीय कार्यवाही पर रोक

## हाईकोर्ट एक साथ सुनेगा सभी मामले, उच्चाधिकारियों से जवाब तलब

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने मेरठ, वाराणसी, सिद्धार्थनगर, जौनपुर एवं प्रयागराज में तैनात पुलिस इंस्पेक्टरों समेत अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ जारी विभागीय कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने विभागीय कार्रवाई कर रहे संबंधित पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए उनसे याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों पर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने इसी के साथ इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह, देव कुमार, मुकेश शर्मा, विजय प्रकाश, राजीव चौधरी, दीपक कुमार सिंह, व अन्य पुलिस कर्मियों के विरुद्ध प्रचलित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 14 (1) के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही अग्रिम



आदेशों तक स्थगित कर दी है। यह आदेश जस्टिस प्रकाश पाडिया, जस्टिस अजित कुमार, जस्टिस नीरज तिवारी एवं जस्टिस जेजे मुनीर की अलग-अलग एकल खंडपीठ ने पुलिस विभाग में कार्यरत दर्जनों अलग-अलग पुलिस कर्मियों की याचिकाओं पर पारित किया है। कोर्ट ने इस तरह की अन्य सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने के लिए ऐसे सभी याचिकाओं का बंच बना दिया है। याची पुलिस इंस्पेक्टरों के सीनियर अधिवक्ता विजय गौतम एवं सहयोगी अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम का कहना था कि पुलिस विभाग के अधिकारी जिस मामले में पुलिस कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज है, उसी मामले में विभागीय कार्रवाई भी सम्पादित कर रहे हैं, जबकि पुलिस रेगुलेशन के तहत विभागीय कार्रवाई नहीं की जा सकती। मामले के अनुसार उप्र पुलिस विभाग के निरीक्षक, उपनिरीक्षक व आरक्षियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार व अन्य मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट विभिन्न थानों में दर्ज कराई गयी है। इन्हीं क्रिमिनल केसों के आरोपों के सम्बन्ध में उप्र पुलिस अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 14 (1) के तहत विभागीय कार्यवाही सम्पादित करते हुए पुलिस विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा आरोप पत्र निर्गत किये गये हैं। इन पुलिस कर्मियों द्वारा 14 (1) की विभागीय कार्यवाही के विरुद्ध हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कर चुनौती दी गई है। याची पुलिस इंस्पेक्टरों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि जिन आरोपों में याचीगणों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है, उन्हीं आरोपों के सम्बन्ध में विभागीय कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। क्रिमिनल केस के आरोप व साक्ष्य एवं विभागीय कार्यवाही के आरोप व साक्ष्य एक समान है। वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना था कि पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा 483, 486, 489, 492 एवं 493 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गयी है कि पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अगर क्रिमिनल केस प्रचलित है तो उन्हीं आरोपों में विभागीय कार्यवाही नहीं की जा सकती।

# बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी: मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः संसद** में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) 24 दिसंबर (मंगलवार) को देशव्यापी आंदोलन करने की घोषणा की है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इस शांतिपूर्ण आंदोलन की सफल बनाने सर्वसमाज के लोगों से अपील की है। बसपा प्रमुख ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री ने संसद में जिस तरह से बाबा साहब पर विरोधी टिप्पणी की है, उसे वापस लें। लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आयी है। अमित शाह के बयान को वापस लेने की माँग को लेकर बसपा मंगलवार को देश भर में जिला मुख्यालयों पर शान्तिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की सर्वसमाज से अपील की



है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि बाबा साहब का जिस तरह से अपमान हुआ है, उससे उनके करोड़ों अनुयायियों को ठेस पहुंची हैं। इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस और भाजपा आदि कोई भी उनका सच्चा हितैषी नहीं। सबकी नीयत, नीति में

**आह्वान**

▸ पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इस शांतिपूर्ण आंदोलन की सफल बनाने सर्वसमाज के लोगों से अपील की

खोट है। ऐसे में बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता का आज घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं जबकि बाबा साहब के जीते जी और उनके देहान्त के बाद भी कांग्रेस का उनके और उनके अनुयाइयों के हित व कल्याण के प्रति रवैया हमेशा जातिवादी व तिरस्कार पूर्ण रहा है। इनको दलित-पिछड़ों की याद केवल इनके खराब दिनों में ही आती है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रोमा ने किया सुपर एक्सचेंज पेशकश का अनावरण

**गुरुग्राम।** टाटा समूह द्वारा समर्थित भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा ने नए साल के जश्न की शुरूआत करने के लिए अपनी "सुपर एक्सचेंज" पेशकश का अनावरण किया है। सुपर एक्सचेंज ग्राहकों के लिए अपने पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की जगह नए सामान लेना आसान बनाता है और साथ ही स्वच्छ, हरित भविष्य में योगदान देता है। 21 दिसंबर, 2024 से शुरू हुई इस सुपर एक्सचेंज पेशकश के तहत ग्राहकों को अपने पुराने गैजेट को बदल कर नए, कम ऊर्जा की खपत करने वाले उपकरण लेने पर आम तौर पर मिलने वाले लाभ के मुकाबले तीन गुना अधिक लाभ मिलता है। सुपर एक्सचेंज के तहत, चुनिंदा घरेलू उपकरणों और अन्य विभिन्न किस्म के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की अदला-बदली करने वाले ग्राहकों को 3 गुना तक एक्सचेंज (अदला-बदली) लाभ और नए उत्पादों पर विशेष पुरस्कार और छूट मिलेगी। इसके अलावा, वे पुराने लैपटॉप और मोबाइल को एक्सचेंज करने पर 21,000 रुपये तक बचा सकते हैं। इनफिनिटी रिटेल लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी, शिबाशीष रॉय ने कहा, "हम नए साल का स्वागत कर रहे हैं, ऐसे में सुपर एक्सचेंज नई शुरूआत करने में मदद कर रहा है। एक्सचेंज का लाभ उठाकर लोग सिर्फ नए उपकरण नहीं पा रहे हैं, वे जिम्मेदारी से खरीदारी करने के बारे में सोच रहे हैं। वे उन लोगों के में शुमार हो रहे हैं, जो जानते हैं कि छोटे-छोटे बदलाव धरती को हमारे रहने के लिए बेहतर जगह बनाते हैं।"ग्राहक इस अदला-बदली की पहल के तहत किसी भी पुराने डिवाइस को बदल कर नए उत्पाद ले सकते हैं। इसका मतलब है कि आप अपने पुराने ग्राइंडर को बदल कर एकदम नया स्मार्ट टीवी खरीद सकते हैं! इसके अलावा, जिन ग्राहकों के पास ऐसे उत्पाद हैं जो अब काम नहीं करते, उनके लिए भी कुछ खास है। वे भी ऐसे बेकार हो चुके उपकरणों को अपने नजदीकी क्रोमा स्टोर पर ले जाकर बदले में 500 रुपये के क्रोमा वाउचर पा सकते हैं।

### गलती हो जाना बड़ी बात नहीं, समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी: शास्त्री

**मुरादाबाद**

**मनुष्य से** गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। यह बातें सोमवार को पंचायत भवन परिसर में जिगर मंच पर श्री हरि विराट संकीर्तन सम्मेलन समिति के तत्वावधान में 85 वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन विश्व विख्यात भागवत भास्कर श्रीकृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहीं। श्रीकृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज ने आगे कहा कि पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दशार्या।

### बीएन ग्रुप ने नया कैम्पेन 'रखो इरादे फ्रेश' लॉन्च किया

**पानीपत।** बीएन ग्रुप के प्रमुख ब्राण्ड सिम्पली फ्रेश ने अपना नया कैम्पेन, रखो इरादे फ्रेश लॉन्च किया है। वे एक ऐसा विज्ञापन लेकर आए हैं जोकि लोगों के दिलों के तार जोड़ता है और वास्तविक जीवन के उन असली नायकों की बात करता है जिन्होंने अपनी अलग सोच और प्रभावी तरीकों का परिचय दिया है।

इस कैम्पेन का प्रेरणादायक टीवी विज्ञापन ग्रामीण भारत में संवहनीय खेती के लिए अपना बेहतरीन कॅरियर छोड़ देने वाली एक आईटी प्रोफेशनल नीरजा कुद्रीमोती और पांच-सितारा शेफ से सोशल वर्कर बनकर गरीबों के नाम अपना जीवन समर्पित करने वाले नारायणन कृष्णन जैसे लोगों को एक सम्मान है। बदलाव और निस्वार्थ भावना का उनका असाधारण सफर बेहतर भारत के लिए नए-नए विचारों और साहसी विकल्पों को बढ़ावा देने के सिम्प्ली फ्रेश के मिशन से मेल खाता है। इस कैम्पेन के बारे में , किरण गिराडकर, सीएमओ, बीएन ग्रुप, का कहना है, रखो इरादे फ्रेश कैम्पेन में उस नई सोच और नए तरीकों की ताकत के बारे में बात की गई है जोकि सही मायने में विकास लेकर आते हैं। नीरजा और नारायणन की कहानियां हमें पुरानी धारणाओं को चुनौती देने और एक सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती हैं। सिम्पली फ्रेश इन नायकों और उज्जवल भविष्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करता है।" इस कैम्पेन को थोड़ी और धार देते हुए बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद और अनूप सोनी को इस संदेश को मजबूती से आगे ले जाने के लिए शामिल किया गया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल्स के माध्यम से वे दर्शकों को नई सोच अपनाने और अपने-अपने समुदायों में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। रखो इरादे फ्रेश टीवी विज्ञापन सिम्पली फ्रेश के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, यूट्यूब चैनल और अन्य डिजिटल माध्यमों पर लाइव किया गया है। इस कैम्पेन में दर्शकों को आकर्षित करने और नए इरादों को बढ़ावा देने के लिए खास कंटेंट और इंटरैक्टिव चुनौतियों को दर्शाया गया है।

# कांग्रेस ने अमित शाह के बयान पर जताया विरोध, मांगा इस्तीफा

**मीरजापुरः उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है। सोमवार को मिशन कंपाउंड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने शाह के इस्तीफे की मांग की। शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष राजन पाठक ने कहा कि 24 दिसंबर को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में एक विरोध कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमित शाह के बयान ने भाजपा और संघ की मनुवादी मानसिकता को उजागर किया है।

# नववर्ष: कान्हा की नगरी में नया अंग्रेजी साल मनाने को जुटने लगी भीड़

## मठ, मंदिर और आश्रमों में श्रद्धालुओं का बढा दबाव, भीड को लेकर किये जा रहे इंतजाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः कान्हा** की नगरी में नए अंग्रेजी वर्ष के आगाज को मनाने के लिए लोगों की भीड उमडने लगे हैं। धार्मिक नगरी श्रीधाम वृंदावन स्थित विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में नव वर्ष के पास आते ही श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव धीरे धीरे बढ़ने लगा है। श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव वैसे तो वीकेंड के समय बना ही रहता है, लेकिन सोमवार को भी बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भरकम भीड़ देखने को मिली। वही आपको बता दे की बाहर से आने वाले श्रद्धालु नववर्ष



पर 2024 की आखिरी शाम और 2025 की पहली सुबह की किरण अपने आराध्य बांके बिहारी लाल के साथ बिताना चाहते हैं। जिसके चलते आगामी दिनों में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव और बढ़ाने का अनुमान लगाया जा रहा है। वही साथ ही आपको बता दें कि आने वाले नव वर्ष पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने पिछले दिनों श्रद्धालुओं के लिए एडवाइजरी जारी की थी। जिसमें मंदिर प्रबंधन ने वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं बीमार व्यक्तियों से अपील की थी कि वह नव वर्ष तक बांके बिहारी मंदिर में आने से बचें। वही आपको बता दे कि श्रद्धालुओं के बांके बिहारी मंदिर में दबाव के चलते अचेत हो जाने की सूचनाएं आए दिन मिलती ही रहती हैं। वहीं बीते रविवार को बांके बिहारी मंदिर में भीड़ के दबाव के चलते ठाकुर बांके बिहारी लाल के दर्शनार्थ को आए कर श्रद्धालु अचित हो गए थे। जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ के इस दबाव के चलते बांके बिहारी मंदिर के आसपास के मार्केट के व्यापारी भी परेशान हो जाते हैं। कई व्यापारी तो भीड़ के दबाव को देखते हुए अपनी दुकानों को बंद कर घर चले जाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि भीड़ के दबाव के चलते उनका कई बार नुकसान भी हो जाता है।

# होंडा मोटरसाइकल ने लॉन्च की नई 2025 एसपी125

**टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने नई 2025 एसपी125 को लॉन्च किया है, जो OBD2B मानकों के अनुरूप है। इस नई बाइक में अत्याधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उन्नत खूबियों का शानदार संयोजन किया गया है। नई एसपी125 की शुरुआती कीमत (एक्स-शोरूम दिल्ली) 91,771 रुपये है। नई एसपी125 होंडा के उन ग्राहकों के लिए एक खास तोहफा है, जो बेहतर प्रदर्शन और स्टाइल के साथ तकनीकी रूप से उन्नत बाइक की तलाश में हैं। होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट एवं सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, "हम नई OBD2B अनुपालक ( निर्धारित मानकों कें अनुरूप) एसपी125 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इसमें जोड़े गए नए फीचर्स और बेहतर डिजाइन के साथ, एसपी125 ने 125सीसी बाइक सेगमेंट के स्टैंडर्ड को एक नया आयाम दिया है। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव और नई तकनीक के साथ रोमांचक राइडिंग का अनुभव देना है। यह बाइक हमारे ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।" होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने नई एसपी125 के लॉन्च पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, एसपी125 हमेशा से अपनी कैटेगरी में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली मोटरसाइकल रही है। अब इसके नए अपग्रेड ने इसे और बेहतर बना दिया है। स्टाइल, परफॉर्मेंस और सुविधा में आए बदलाव इसे और खास बनाते हैं। नई एसपी125 में ब्लूटूथ नेविगेशन, वॉइस असिस्ट और यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट जैसी अत्याधुनिक खूबियां जोड़ी गई हैं, जो आज के तकनीक-प्रेमी राइडर्स की जरूरतों को पूरा करती हैं।

# पत्नी 6 महीने से घर नहीं लौटी तो ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**जालौनः जालौन** जिले के उरई कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, युवक की पत्नी पिछले 6 महीनों से अपने मायके में रह रही थी। वह उसे वापस लाने के लिए परेशान था। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान रोहित कुमार के रूप में हुई है जो उरई कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का निवासी था। रोहित की शादी कुछ साल पहले हुई थी लेकिन उसकी पत्नी पिछले 6 महीनों से अपने मायके में रह रही है। रोहित अपनी पत्नी को वापस लाने के लिए परेशान था लेकिन वह सफल नहीं हो पाया।

# चौधरी साहब ने किसानों के लिए राजनीति में खोले बंद दरवाजे: प्रतीक



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः बलदेव** कस्बा में पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्य स्मृति धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अवैरनी चौराहे पर स्थित चौधरी चरण सिंह की मूर्ति के समक्ष ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर के नेतृत्व में लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजा किया। इससे पहले प्रतिमा पर श्रद्धा के साथ माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर युवा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख बलदेव प्रतीक सिंह भरंगर ने कहा चौधरी साहब ने पूरे जीवन किसानों को सशक्त बनाने के लिए संघर्ष किया। किसानों के लिए जीवन की राह आसान की। किसान देश को आजादी मिलने के बाद भी अपने अधिकारों से वंचित थे। चौधरी चरण सिंह ने किसानों को आजाद भारत में आजादी दिलाने का काम किया। किसानों को वह अधिकार दिये जिन से वह आजादी मिलने के बाद भी वंचित थे। किसानों को जीने का अधिकार मिला और तरक्की की राह दिखाई। आज किसान के सामने लक्ष्य स्पष्ट है। चौधरी चरण सिंह ने राजनीति में किसानों के लिए बंद दरवाजे खोले। हम आज भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के पदचिह्नों पर चलने की शपथ लेते हैं। चौधरी साहब ने राजनीतिक के क्षेत्र में किसानों को आगे बढ़ने का काम किया है। किसानों द्वारा चौधरी चरण सिंह अमर रहे, चौधरी चरण सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए गए। पुण्यस्मृति के उपलक्ष्य में मिष्ठान वितरित की गई। वही विकास खंड बलदेव पर स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर, पूर्व विधायक नवाब सिंह, भाकियू अराजनैतिक मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर, अवधेश रावत, उदयवीर सरपंच, डॉ. नन्दन सिंह, हरपाल प्रधान, केदारी प्रधान, प्रधान भिक्की, संतोष पहलवान, शिवा उपाध्याय, धर्मेंद्र तोमर, खुशी पहलवान, धर्मेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे।

# वेदप्रकाश बने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**बलिया: राज्य** कर्मचारी संयुक्त परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन में कर्मचारी नेता वेदप्रकाश पाण्डेय सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुने गए। जबकि विनोद मिश्र मंत्री बनाए गए। सोमवार को गंगा सभागार में आयोजित अधिवेशन के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। गंगा सभागार में हजारों कर्मचारियों व शिक्षकों की मौजूदगी में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन दो सत्रों में आयोजित हुआ। पहले सत्र में संगठन के विकास और भविष्य के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला कार्यकारिणी का नए सिरे से गठन किया गया। चुनाव अधिकारी कौशल कुमार उपाध्याय ने चार नामों की घोषणा की। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रधान सहायक वेदप्रकाश पाण्डेय को अध्यक्ष, विनोद मिश्र को



मंत्री, ग्राम पंचायत संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सिंचाई संघ के अजीत कुमार को संप्रेक्षक चुना गया। इनके नाम का प्रस्ताव आते ही सभी कर्मचारियों व शिक्षकों ने एक स्वर से मुहर लगाई। इसके अलावा नवनिर्वाचित अध्यक्ष व मंत्री समेत सभी चारों पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी व अपर महामंत्री नरेश कुमार ने माला पहनाकर बधाई दी और मिठाई खिलाई। इसके बाद हरिकिशोर तिवारी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही सैकड़ों कर्मचारियों व शिक्षकों द्वारा फूल-माला से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को लाद दिया गया।

इसके पहले अधिवेशन को विशिष्ट अतिथि पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र यादव, राजस्व अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष निखिल शुक्ला, उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कान्हजी, मुर्तजा हुसैन, ब्रजेश सिंह, सुशील त्रिपाठी, चंद्रशेखर विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. अखिलेश राय, डा. अवनीश चन्द्र पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, डा. राजेश पाण्डेय, जेपी सिंह, निर्भयनारायन सिंह, वंशरोपण पाण्डेय, कौशल उपाध्यक्ष, राघवेंद्र मिश्रा, राजेश रावत, सुनील चौबे, आलोक मिश्र, नरेन्द्र सिंह, अरविंद राय आदि ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर डॉ. जैनेन्द्र पाण्डेय, राहुल सिंह, संजय भारती, धीरज राय, आशुतोष सिंह, अशोक केसरी, अरुण सिंह, अनूप सिंह, रामप्रताप सिंह, करुणानिधि तिवारी, अनिल पाण्डेय, तुषार राय, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, अजीत पाण्डेय, अजय पाण्डेय, ददन भारती, अनिल सिंह, आशुतोष राय व अभय मिश्र आदि उपस्थित थे। प्रथम सत्र की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष सत्या सिंह व संचालन वेदप्रकाश पाण्डेय ने किया।

# विकेन्द्रीकृत अर्थव्यवस्था के प्रबल समर्थक थे भारत रत्न चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः भारत रत्न** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर समूचे जनपद में जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दल के दल दल से ऊपर उठकर तमाम राजनीतिक दलों से जुडे लोगों के अलावा किसान संगठनों, समाज सेवी संगठनों ने किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई। मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर हुआ। उनकी प्रतिमा के समक्ष उनके अनुयायियों व राष्ट्रीय लोकदल मथुरा के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने हवन यज्ञ किया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रालोद जिलाध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह भरंगर ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह विकेन्द्रीकृत अर्थव्यवस्था और ग्रामीण विकास के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने एमएसएमई और कुटीर उद्योग को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भरता एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आपकी ईमानदारी और भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों ने शासन को पारदर्शी और जनहितकारी बनाने में अहम भूमिका निभाई। किसानों के कल्याण के लिए उन्होंने अनेक योजनाओं का समर्थन किया। जमींदारी उन्मूलन, भूमि सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य, और नाबार्ड



की स्थापना में उनका पुरजोर समर्थन रहा। जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ खड़े होकर उन्होंने समावेशी नीतियों को अपनाया। उनके विजन ने ग्रामीण शहरी विभाजन को कम करने का प्रयत्न किया।

उनकी जयंती पर,समस्त देशवासी उनके महान योगदान और नीतियों को याद करते हैं, जिन्होंने भारतीय राजनीति के विकास में स्वर्णाक्षरों में अपनी छाप छोड़ी है। जिसमें मुख्यरूप से एमएलसी योगेश नौहवार, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, विधायक पूरन प्रकाश बलदेव, पूर्व मंत्री सरदार सिंह, कुंवर नरेंद्र सिंह, चेतन मलिक, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, बाबूलाल प्रमुख, अनूप चौधरी, बलदेव ब्लॉक प्रमुख प्रतीक चौधरी, डॉ. अशोक अग्रवाल, रामवीर सिंह भरंगर, नरेंद्र सिंह एड, प्रीतम सिंह प्रमुख, लवी सिसोदिया, गौरव मलिक, रविन्द्र नरवार, उमेश चौधरी, जयवीर सिंह, मुकेश प्रमुख, धर्म सिंह, अंगद बंजारा, कुशल पाल सिंह, सतेंद्र प्रधान, कैलाश जिला पंचायत सदस्य, सीमा भूकेश, बबीता देवी, मोनी ताऊ, सुरेश भगत, अमित गुर्जर, जयवीर सिंह, राजीव चौधरी, ठाकुर जीतू, देव छोकर, बच्चन पहलवान, अनिल पचहरा, डॉ. सतीश, नीरज प्रधान, धर्मेंद्र प्रधान, डा. महावीर सिंह, रुमाल सिंह प्रधान, भिकी सिंह प्रधान, बच्चू सिंह चाहर ,जितेंद्र सिंह प्रजापति, अनिल सिंह, करतार सिंह, अनुराग सिंह, सोनू रावत, हकिम सिंह छोकर आदि मौजूद रहे।

# बिलारी में पेड़ से लटका मिला रामपुर निवासी युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः मुरादाबाद** जनपद के थाना बिलारी कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुर कला से कुंदरकी को जोड़ने वाली सड़क किनारे सोमवार को सुबह जंगल में युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। जिसकी शिनाख्त रामपुर के थाना सैफनी स्थित ग्राम ललवारा निवासी ओमप्रकाश सैनी (25) के रूप में आई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे धर्मपुर कला के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका होने की खबर मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान ओमप्रकाश के रूप में की। भाई महेंद्र सिंह ने बताया कि गांव की युवती को भगाने का आरोप ओमप्रकाश पर लगा था। इस मामले में 21 दिसम्बर को थाना सैफनी में समझौता हो गया था। तनाव से बचाने के लिए परिवार ने ओमप्रकाश को उसकी बहन के घर भेज दिया था। महेंद्र ने आशंका जताई है कि भाई की हत्या इसी प्रेम प्रसंग की रंजिश में की गई है। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश तीन दिन पहले अपनी बहन रामकली के घर गांव मिल्क खबरी आया था। रविवार शाम चार बजे वह अपने गांव ललवारा जाने की बात कह निकला था। इसकी जानकारी बहन ने परिजनों को दी थी। जब वह रात तक घर नहीं में भी नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। शव की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




## महाकुंभः युद्ध स्तर पर चल रहीं सभी तैयारियां

### प्रयागराज के लिए आतिथ्य सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करने का अवसर है महाकुम्भ: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगरः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान पत्रकारों से भी वार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाकुम्भ की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के साथ ही राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों के बीच बेहतरीन कोऑर्डिनेशन के साथ महाकुम्भ पर्व की तैयारी आगे बढ़ रही है। यहां हर संस्था का सहयोग लिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा



कि महाकुम्भ एक महापर्व के साथ-साथ प्रयागराज के लिए एक अवसर भी है कि वह अपने आतिथ्य सेवा का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करे। सीएम योगी ने प्रयागराज के लोगों से इस अवसर को एक सक्सेस स्टोरी में बदलने और प्रयागराज की ब्रांडिंग के लिए सहयोग का भी आह्वान किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सनातन गौरव के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ की तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है।

#### 30 दिसंबर तक तैयार हो जाएंगे रिवर फ्रंट और घाट

**सीएम** योगी ने कहा कि यहां पर पावर कारपोरेशन के द्वारा 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केवीए के 85 सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं, जिसमें से 77 स्थापित हो चुके हैं। ढाई सौ केवीए के 14 सबस्टेशनों में से 12 स्थापित किए जा चुके हैं। 100 केवीए के 128 सब स्टेशनों में से 94 स्थापित हो चुके हैं। एलटी लाइन 1160 किलोमीटर, एचटी लाइन 160 किलोमीटर और एलइडी स्ट्रीट लाइट अब तक लगभग 48000 स्थापित की जा चुकी हैं। यहां पर पहली बार मां गंगा का रिवर फ्रंट लोगों को देखने को मिलेगा। प्रयागराज में पहली बार रिवर फ्रंट और पक्के घाट बने हैं। ऐसे ही अरैल में भी एक घाट बन रहा है और प्रयास है कि 30 दिसंबर तक हर हाल में वह घाट बनाकर तैयार हो जाए। सीएम ने कहा कि जितने भी स्थाई और अस्थाई कार्य होने थे, इन पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है।

## तनोट माता मंदिर के मास्टर प्लान का काम चरणबद्ध ढंग से करें पूराः भजनलाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने** कहा कि जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि राजस्थान के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मंदिर के मास्टर प्लान के तहत चरणबद्ध रूप से काम कर इसे विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर तनोट माता मंदिर क्षेत्र के मास्टर प्लान को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर



रहे थे। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के क्षेत्र में अत्याधुनिक विकास कार्य किए जाएं, जिससे यहां आने वाले पर्यटक देश के प्रति गौरवान्वित हों तथा उनमें देशभक्ति का भाव जागृत हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य मंदिर तथा प्रवेश द्वार के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देते हुए पूरे परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं। शर्मा ने कहा कि मंदिर को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाते हुए स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार और आर्थिक अवसरों का सृजन भी किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट और डेजर्ट सफारी सहित मंदिर के मास्टरप्लान के तहत बनने वाले सभी अत्याधुनिक सुविधाओं की समीक्षा की।



मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है।

## दिल्ली में एक्यूआई के स्तर में सुधार नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार होता नहीं दिख रहा। 16 दिसंबर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा चरण लागू है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आज सुबह 7:30 बजे दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 403 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में आता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, महानगर में कोहरे की पतली परत छाई रही। इससे दृश्यता कम हो गई। हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहने की संभावना है। राजधानीदिल्ली के कई क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यह वजीरपुर में 464, अशोक विहार में 460, मुंडका में 446, बुराड़ी क्रॉसिंग में 445, आनंद विहार में 443, द्वारका-सेक्टर 8 में 393 और नजफगढ़ में 372, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 399,आईजीआई एयरपोर्ट में 351, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400, लोधी रोड में 376, मंदिर मार्ग में 400, शादीपुर में 373, श्री अरबिंदो मार्ग में 361, नजफगढ़ में 372 दर्ज किया गया।




## राजभवन से खेल विश्वविद्यालय की अध्यादेश पर मुहर

**टीम एक्शन इंडिया**

देहरादूनः उत्तराखंड में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। राजभवन ने सोमवार को खेल विश्वविद्यालय संशोधित अध्यादेश पर मोहर लगा दी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने यह जानकारी दी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश में स्पोर्ट्स साइंस की दिशा में एक नया आयाम जोड़ने और प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के भविष्य को सुगम बनाने के लिए सरकार ने खेल यूनिवर्सिटी बनाने का निर्णय लिया था।

## आईआईटी दिल्ली के छात्रों को मिले 1200 से अधिक जॉब ऑफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के छात्रों को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए जारी प्लेसमेंट सीजन में प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) सहित 1200 से अधिक जॉब ऑफर मिले हैं। अब तक लगभग 1150 व्यक्तिगत छात्रों का चयन किया गया है, जो संस्थान के मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड को दर्शाता है। इस वर्ष अब तक कैंपस में

**प्लेसमेंट**

**▸▸ लगभग 1150 व्यक्तिगत छात्रों का चयन किया गया है, जो संस्थान के मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड को दर्शाता है**

डबल डिजिट में ऑफर देने वालों में अमेरिकन एक्सप्रेस, बार्कलेज, बीसीजी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड, ड्यूश इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गोल्डमैन सैक्स, गूगल, ग्रेविटन रिसर्च कैपिटल, इंटेल इंडिया, मीशो, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, माइक्रोसॉफ्ट, ओला, ओरेकल, पेयू, क्वाडआई, क्वालकॉम, रोबस्ट रिजल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, शिपरॉकेट, स्क्वायरपॉइंट कैपिटल, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, ट्राइडेंट ग्रुप और ट्यूरिंग ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

### छात्र-छात्राओं को भोजन की गुणवत्ता और पोषकता को लेकर मिड-डे मील में ईट राइट थाली परोसी जाएगी

## मिड-डे मील में छात्रों को परोसी जाएगी ईट राइट थाली

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः प्रदेशभर के स्कूलों में छात्र-छात्रा**ओं को भोजन की गुणवत्ता और पोषकता को लेकर मिड-डे मील में ईट राइट थाली परोसी जाएगी। इसके लिये सभी राजकीय विद्यालयों को ईट राइट अभियान से जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत सभी भोजनमाताओं और कैंटीन संचालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि विद्यालयों में हाईजीनिक फूड प्रणाली विकसित की जा सके। सोमवार को समग्र शिक्षा परिसर में विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग,



भारतीय खाद्य संरक्षा मानक प्राधिकरण और शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित ईट राइट कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर कही। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ, सुरक्षित व पोषक खाना बेहद जरूरी है। इसके लिये

**अभियान**

**▸▸ अभियान के तहत सभी भोजनमाताओं और कैंटीन संचालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा: रावत**

प्रदेशभर के सभी राजकीय विद्यालयों को ईट राइट अभियान से जोड़ा जायेगा और विद्यालयों में संचालित कैंटीनों के संचालकों को एवं भोजनमाताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में हाईजीनिक फूड प्रणाली विकसित कर स्कूलों को ईट राइट कैम्पस में तब्दील किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील अभियान के तहत अब स्कूलों में बच्चों को ईट राइट थाली परोसी जायेगी जो पोषण से भरपूर होगी, जिसमें मिलेट्स व स्थानीय व्यंजन भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि श्री अन्न में पोषक तत्व होने यह कई बीमारियों से बचाता है, जो क्षय रोग उन्मूलन में यह कारगर है। विभागीय मंत्री ने कहा कि ईट राइट अभियान के जरिये बच्चों और युवाओं को सही आहार की जानकारी दी जायेगी। इसके लिये समय-समय पर स्कूलों में ईट राइट अभियान चलाये जायेंगे।

